

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 26 फरवरी 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-328 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### रांची में रोमांच से भरपूर था चौथा टेस्ट मैच

## इंडिया का सीरीज पर कब्जा

**नई दिल्ली,26 फरवरी।** रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में इंडिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला खेला गया। चौथे टेस्ट मैच का नतीजा चौथे दिन के दूसरे सेशन में निकल आया। टीम इंडिया ने इस मुकाबले को पांच विकेट से जीता और सीरीज में 3-1 से कब्जा कर लिया। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला बाकी है, लेकिन स्कोरलाइन इस समय 3-1 है। इंग्लैंड की टीम ने पहला मुकाबला जीता था और अगले तीन मैचों में टीम इंडिया ने जीत हासिल की। रांची में ये टेस्ट मैच बहुत ही ज्यादा रोमांचक हुआ, क्योंकि इस मैच में कभी पलड़ा भारत की ओर होता तो कभी इंग्लैंड की टीम आगे दिखाई देती, लेकिन अंततः जीत टीम इंडिया को मिली। इस मुकाबले की बात करें तो टीम इंडिया के खिलाफ इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। टीम इंडिया गेंदबाजी के लिए उतरी तो पहले दिन के पहले ही सेशन में इंग्लैंड के पांच बल्लेबाजों को आउट कर दिया। हालांकि, दूसरे सेशन में एक विकेट नहीं गिरा, जबकि तीसरे सेशन में दो विकेट गिरे। बावजूद इसके इंग्लैंड की टीम ने 353 रन अपनी पहली पारी में बनाए, जिसमें जो रूट का शतक शामिल था। 58 रनों की पारी ओली रॉबिन्सन ने भी खेली थी। वहीं, भारत के लिए 4 विकेट रविंद्र जडेजा ने निकाले थे। दूसरे दिन भारत को बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा और टीम को जल्द ही पहला झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में लगा। हालांकि, दूसरे विकेट के लिए यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन इसके बाद टीम इंडिया के विकेटों का पतझड़ शुरू हो गया।

## पैरा परिवहन व गोबर खरीदी में भ्रष्टाचार

### विस की प्रश्न एवं संदर्भ समिति करेगी जांच

रायपुर,26 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

कांग्रेस सरकार में गोधन न्याय योजना के तहत हुई गोबर खरीदी और पैरा परिवहन की जांच विधानसभा की प्रश्न संदर्भ समिति करेगी। पैर परिवहन को लेकर अजय चंद्राकर ने सवाल किया। वहीं गोबर खरीदी पर लता उसेंडी ने प्रश्न किया था। चंद्राकर ने कहा कि पैरा परिवहन के नाम पर मनमानी की गई। परिवहन व्यय भुगतान के लिए कोई मापदंड तय नहीं था। उन्होंने इस पूरे मामले की विधायकों की समिति से जांच कराने की मांग की। आज विधानसभा में इसको लेकर हुए सवालों का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री राम विचार नेताम की अनुपस्थिति में संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह घोषणा की

गौठान में हुए पैरादान परिवहन भुगतान की गड़बड़ी की प्रश्न एवं संदर्भ समिति से जांच करायी जायेगी।पंचायत मंत्री की अनुपस्थिति में जवाब देते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में जांच की घोषणा की। अजय चंद्राकर ने अपने सवाल में सरकार से जानना चाहा कि पैरादान के लिए जो परिवहन किया गया, आखिरकार उसका भुगतान किस तरह से किया गया। पैरा परिवहन किस दर से किया गया। किस वाहन से किया गया और परिवहन का दर किस आधार पर निर्धारित किया गया। साथ ही अजय चंद्राकर ने पैदादान के भुगतान के मद की भी जानकारी जानकारी मांगी।

जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया



कि 1 जनवरी 2019 से 30 सितंबर 2023 तक विभिन्न योजना अंतर्गत गोठान समिति को 45.69 लाख क्विंटल पैरादान मिला। पैरा का परिवहन स्थानीय दर पर ट्रैक्टर और अन्य उपलब्ध वाहन से किया गया। परिवहन का दर दूरी के आधार पर तय किया गया। मंत्री ने ये भी बताया कि परिवहन का भुगतान गोधन न्याय योजना मूलभूत 14वें और 15वें वित्त आयोग के मदद से किया गया है।

अजय चंद्राकर ने पूछा- 14वें वित्त आयोग से क्या पैरे का परिवहन हो सकता है मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब में कहा कि पैरादान से मिला था, परिवहन के लिए राशि खर्च करने का प्रावधान है। गौठान समितियों को 53 करोड़ से अधिक राशि दी गई, इससे समितियों ने खर्च किया। इसके बाद अजय चंद्राकर ने कहा- 14वें वित्त आयोग की राशि गौठान को नहीं दी जा सकती, फिर किस आधार पर वित आयोग का पैसा दिया गया। 53 करोड़ की राशि किस मद में खर्च की गई है।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- 14वें और 15वें वित्त आयोग से राशि दी गई और ये राशि सभी जिलों में सभी गौठानों को राशि दी गई है। अजय चंद्राकर ने कहा- वित्त आयोग की राशि से परिवहन नहीं किया जा सकता है। इसका उपयोग पंचायतों के रखरखाव के लिए किया जाना है। गोधन न्याय योजना के मद से 53 करोड़ की राशि गौठानों को दी गई है। विधायक अजय चंद्राकर ने इस मामले में जांच की मांग की। जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों की कमेटी से जांच कराने की घोषणा की। लेकिन, इस ऐलान से अजय चंद्राकर असंतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने ही पूरी गड़बड़ियां की है, ऐसे में अधिकारियों की जांच कमेटी से पूरा मामला रफा दफा हो जायेगा। लिहाजा विधायकों की कमेटी या प्रश्न एवं संदर्भ समिति से इसकी जांच होनी चाहिये। जिससे बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- मामले में अजय चंद्राकर को भ्रष्टाचार की आशंका है, इसलिए प्रश्न संदर्भ समिति से मामले की जांच कराई जाएगी।

## बड़े ने गोली मारकर की छोटे भाई की हत्या,बंदी

रायपुर,26 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी में आधी रात को बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया. आरोपी ने अपने छोटे भाई को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी. रिंगरोड नंबर 3 स्थित सफायर ग्रीन फेस 2 निवासी आरोपी बड़ा भाई पियूष झा ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी. हत्या के बाद आरोपी ने अपनी मां को वीडियो कॉल करके छोटे भाई पराग झा की हत्या की सूचना दी. जिसके बाद आरोपी पियूष झा गन लेकर मौके से फरार हो गया. पुलिस ने तड़के सुबह 4 बजे आरोपी को घेराबंदी कर दबोचा. पूरा मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है. थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि ये घटना बीती रात की है. जिसमें फिलहाल जांच की जा रही है. जानकारी के



आरोपी (काली शर्ट) और उसका भाई

मुताबिक बड़ा भाई पियूष झा शराब का आदी था. छोटा भाई उसे हमेशा शराब पीने के लिए मना करता था. अक्सर इसी वजह से दोनों में विवाद होता था. जिससे आवेश में आकर पियूष झा ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी.बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही दोनों इस नए घर में आए थे. घर किराए का है. रविवार देर रात जब आरोपी की मां ने आरोपी पीयूष झा को फोन किया और पूछा कि तुमने खाना खाया क्या. तो उसने अपनी मां को फोन पर बताया कि मैनें अपने भाई पराग की गोली मारकर हत्या कर दी है. पुलिस को घटना की सूचना रविवार रात 11:30 बजे मिली. जिसके बाद एसपी संतोष सिंह के निर्देश पर तत्काल अतिरिक्तपुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चन्द्राकर, थाना प्रभारी विधानसभा दीपक पासवान घटना स्थल पहुंचे. घटना स्थल पर मृतक की मां ने बताया कि मृतक पराग झा को उसका बड़ा भाई पीयूष झा गोली मारकर अपनी कार से भाग गया है. जिसके बाद शहर में तुरंत नाकेबंदी की गई.

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार आते ही रद्द करेंगे अग्निवीर योजना : भूपेश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,26 फरवरी।** लोकसभा चुनाव को होने में अब बस कुछ ही दिन रह गए हैं. मोदी सरकार के कामकाज और नीतियों को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर है. मोदी सरकार को रोजगार के मुद्दे पर लगातार राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ों न्याय में घेरते नजर आ रहे हैं. इस बीच पूर्व सीएम भूपेश ने एक पोस्ट कर युवाओं से बड़ा वादा कर डाला है. उन्होंने कह दिया है कि हमारी सरकार आते ही अग्निवीर योजना रद्द कर दी जाएगी. उसके बाद सेना में पक्की भर्ती की जाएगी. हालांकि, इस योजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर तमाम बड़े नेता इसका लगातार विरोध कर रहे हैं. बता दें कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए अग्निवीर योजना लेकर आई थी. जिसके तहत युवाओं को जल, थल और वायु सेना में 4 साल के लिए नौकरी दी जा रही है. जब से ये योजना शुरू की गई है तब से कांग्रेस इसे बैन करने की मांग करते हुए इसका विरोध कर रही है. कांग्रेस के तमाम नेताओं का कहना है कि ये योजना लाकर मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है.



भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने इस योजना के खिलाफ बात की है और आगे भी करते रहेंगे. जंतर-मंतर पर छात्र लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, राहुल गांधी इन छात्रों से भी मिले. एक पीएम थे, जो 'जय जवान जय किसान' का नारा देते थे और एक पीएम हैं, जिन्होंने जवान का भी अपमान किया और किसान का भी.

## छग में 2700 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट का पीएम ने किया शिलान्यास

### बिलासपुर जोन के 27 स्टेशन का होगा रेनोवेशन, बनेंगे 83 अंडर-ओवरब्रिज

रायपुर,26 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

पीएम नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन के तहत बिलासपुर जोन के 27 स्टेशनों और 83 नए ब्रिज के लिए करीब 2700 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**बनेंगे अंडर-ओवरब्रिज-** दुर्ग रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर अंडरब्रिज पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी गई। इसी तरह उरला और बघेरा के अंडरब्रिज का संयुक्त कार्यक्रम उरला में रेलवे क्रॉसिंग पर सिद्धेश्वर मंदिर के पास किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण की वर्चुअली आधारशिला रखी गई। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत सिरसा गेट भिलाई- 3 में अंडरब्रिज का लोकार्पण और डी केबिन बीएमआई चरोदा के अंडरब्रिज की सुविधा भिलाई 3 चरोदा नगर निगम की जनता को मिलेगी। इसका अलग-अलग कार्यक्रम दोनों जगहों पर होगा। पाटन विधानसभा अंतर्गत कुम्हारी रेलवे क्रॉसिंग के पास





अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी। इसके साथ ही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रसमड़ा स्टेशन के पास अंडरब्रिज और दल्लीराजहरा रूट पर रिसामा के पास अंडरब्रिज की सौगात मिलेगी। दल्लीराजहरा रूट पर ही कचान्दुर से पहले ग्राम परसदा के पास अंडरब्रिज की सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने इसे 'न्यू इंडिया' की कार्य संस्कृति का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है... अभूतपूर्व स्पीड से करता है, आज भारत जो करता है... अभूतपूर्व स्केल से करता है।

मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है।

### इन स्टेशनों की बदलेगी सूरत

कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराझरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिरहसौद एवं भिलाई स्टेशन शामिल है।

**अमृत भारत स्टेशन** योजना के तहत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, तिल्दा-नेवला, अकलतरा, भिलाई पावर हाउस, वडसा, चांदाफोर्ट और गोंदिया स्टेशनों में प्रस्तावित विकास कार्यों को किया जाना है। इतना ही नहीं महासमुंद रेलवे स्टेशन का भी रिनोवेशन किया जाएगा। हालांकि यह स्टेशन ईस्ट कोस्ट सेक्शन में आता है।

## नशीली गोलियां बेचने वाला पकड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़

**महासमुंद,26 फरवरी।** शहर के क्षेत्र में लगातार प्रतिबंधित नशीली ड्रग्स कैप्सूल व इंजेक्शन का अवैध कारोबार की सूचनाओं पर निगरानी रखी जा रही थी। कफ सीरफ व नशीले कैप्सूल, इंजेक्शन आदि दवाईयों अन्य राज्यों से लाकर भारी मात्रा में महासमुंद जिला एवं आस पास के जिलों में खपाया जा रहा है। आज सोमवार को पुलिस को सूचना मिली की थाना महासमुन्द क्षेत्र स्टेशन रोड गुरूद्वारा के सामने भारी मात्रा में नशीली टैबलेट बिक्री करने हेतु रखा है। जिसे मुखबीर के निशानदेही पर मौका पहुच कर गुरूद्वारा के सामने में जाकर पुलिस की टीम के द्वारा घेराबंदी कर 02



व्यक्ति को पकडा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रविण साव उर्फ बोडे पिता चंदन राम साहू उम्र 31 वर्ष सा. वार्ड नं. 17 मौहारीभाठा महासमुन्द, मनोज डांडेकर पिता मेवालाल डांडेकर उम्र 23 वर्ष सा. वार्ड नं. 11 बंगलापारा, तुमगांव महासमुन्द का निवासी होना बताये। पुलिस टीम के द्वारा तलाशी लेने पर सफेद रंग के झोले में रखे भारी मात्रा में SPASMO-PROXYZON PLUS टैबलेट मिला। जिसके संबंध पुलिस की टीम के द्वारा भारी मात्रा में दवाई रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया जो आरोपियों के द्वारा वैध दस्तावेज नही होना बताये। जिससे आरोपिंओ के पास 40 पैकेट SPASMO-PROXYZON PLUS जिसके 39 पैकेट के प्रत्येक पैकेट में 18-18 स्ट्रीप (पत्ता) प्रत्येक स्ट्रीप में 08-08 नग कैप्सूल एवं एक पैकेट मे 15 स्ट्रीप जिसके प्रत्येक स्ट्रीप में 08-08 नग कैप्सूल कुल जुमला 717 स्ट्रीप कुल जुमला 5736 नग कैप्सूल प्रत्येक स्टीप में 08 नग कैप्सूल की कीमत 80.80 रूपये कुल जुमला किमती 57933.60 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना महासमुन्द में अपराध/धारा 21, 22 नारकोटिक एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है। यह सम्पूर्ण कार्यवाही महासमुन्द पुलिस के द्वारा की गई।

## प्रेमी ही निकला मां-बेटी की हत्या का आरोपी

■ तरुण छत्तीसगढ़


**कवर्धा,26 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय से लगभग डेढ़ सौ मीटर दूर की सामने वाली गली के एक बंद मकान में मां और पुत्री का शव मिला जिसके बाद से फॉरेंसिक टीम ने पूरे मामले की बारीकी से जांच की और जांच की गई सीसी टीवी कैमरे से जो फुटेज मिले उसमे आरोपी की तस्वीरे कैद हो चुकी थी । वहीं आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है । हम आपको बता दें कि आरोपी अश्वनी कुमार पांडे पिता शिव शंकर पांडे उम्र 40 वर्ष वार्ड क्रमांक 12 कीर्ति नगर नजर लाल पारा सिरगिट्टी बिलासपुर



आखिरकार जब मामले का पता चला तो प्रेमी ही निकला प्रेमिका और उसकी मां का हत्यारा । हम आपको बता दे कि कल जो घटना घटित हुई थी उस घटना के बाद से लोग काफी डरे ,सहमे हुए थे क्योंकि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज डेढ़ सौ मीटर में इस घटना को अंजाम दिया गया । जिसमें मां और बेटी की निर्मम हत्या कर दी गई थी । हत्या के बाद पूरे मामले की बारीकी से थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर का निवासी है । आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही उसके पास से मोबाइल भी जप्त किया गया है । स्कूटी,घर की चाबियां भी जप्त की गई है । हम आपको बता दे आरोपी ने चौथी शादी की बात को लेकर घटना को अंजाम दिया आरोपी ने स्वीकार किया कि दोनों हत्या उसके द्वारा किए गए हैं और आरोपी की अब गिरफ्तारी की जा चुकी है ।

## व्यास तहखाने में पूजा जारी रहेगी : कोर्ट

**वाराणसी,26फरवरी।** ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष को बड़ी राहत दी है। व्यास तहखाने में पूजा जारी रहेगी। सोमवार को कोर्ट ने मस्जिद समिति की तरफ से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि 31 साल पहले उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पूजा पर रोक लगाना गलत कदम था। खास बात है कि उस दौरान राज्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की अगुवाई वाली समाजवादी पार्टी की सरकार थी। लाइव लॉ के अनुसार, जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने कहा, साल 1993 से व्यास परिवार को धार्मिक पूजा और अनुष्ठान से रोकने का राज्य सरकार का कदम गलत था। कोर्ट ने यह भी कहा कि तहखाने में श्रद्धालुओं की तरफ से की जा रही पूजा-अर्चना को रोकना उनके हितों के खइलाफ होगा। व्यास तहखाना ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में है।खास बात है कि दो शताब्दी से ज्यादा और साल 1993 तक व्यास परिवार तहखाने में पूजा कर रहा था। साल 1993 में सीएम मुलायम सिंह यादव की सरकार ने पूजा पर रोक लगा दी थी। 11 दिन पहले ही जस्टिस अग्रवाल की बेंच ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल,



31 जनवरी जिला जज ने व्यास तहखाने में पूजा की अनुमति दे दी थी। उस दौरान शैलेंद्र कुमार व्यास की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें श्रृंगार गौरी और अन्य देवी-देवताओं की पूजा की अनुमति मांगी गई थी।

कोर्ट की तरफ से आदेश जारी होने के बाद वाराणसी डीएम एमएस राजलिंगम अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर गेट नंबर चार के जरिए मस्जिद परिसर में पहुंचे और अंदर करीब 2 घंटे रहे। बाहर आने के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन किया जा रहा है। इसके बाद मस्जिद कमेटी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जदित कमेटी ने फरवरी की शुरुआत में ही जिला जज के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी थी।




## एक नजर

### संकुल स्तरीय हिंदी व अंग्रेजी भाषायी कौशल विकास हेतु पुस्तक वाचन प्रतियोगिता



**भिलाई।** संकुल स्तरीय हिंदी व अंग्रेजी पुस्तक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालय महकाकला में आयोजित किया गया । जिसमें मुड़पार,परेवाडीह व महकाकला के बच्चों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। जिसका परिणाम हिंदी व अंग्रेजी में इसप्रकार रहा प्राथमिक विभाग हिंदी - प्रथम -माही यादव प्रा.शा. मुड़पार द्वितीय -हेमासिन्हा प्रा.शा.परेवाडीह अंग्रेज़ी प्रथम -वेदिका कोसरे प्रा.शा.महकाकला द्वितीय -निहार वर्मा प्रा.शा.महकाकला माध्यमिक विभाग -हिंदी प्रथम -अखिलेश सिन्हा माध्यमिक शाला महकाकला द्वितीय -प्राची साहू माध्यमिक शाला महकाकला अंग्रेजी प्रथम -रचना मारकंडे माध्यमिक शाला महकाकला द्वितीय -सोहेल वर्मा माध्यमिक शाला महकाकला इस अवसर पर श्रीमती गायत्री वर्मा,श्री बी के साहू ,श्री अश्विनी साहू संकुल समन्वयक,श्री तेजराम कामड़िया, श्री रोहित गायकवाड़, श्री सुजित नारंग, श्री धर्मजीत देवांगन, श्रीमती अंजुम खानम श्री राकेश कुमार,श्री किशोर कुमार मढ़रिया श्रीमती कल्पना तारम , श्रीमती मालती मंडावी की गरिमामय उपस्थिति रही।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार

**भिलाई ।** भिलाई थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 454 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई -3 पुलिस ने बताया कि हथखोज निवासी संजय सेन ने शिकायत किया है कि सब काम पर गए थे घर पर दोनो ब'चे पडोसी के घर खेलने गए हुए थे। इस दौरान मकान में सिटकीनी लगा हुआ था अज्ञात चोर ने मकान से सोना चांदी के जेवरात जिसमें कान का आईरिंग, सोने का लाकेट, सोने की फुल्ली, चांदी की पायल, चांदी की ब'चे की पायल, चांदी की बचकानी करधन, चांदी की चुड़ा दो जोड़ी चांदी का एक अंगुठी एक चांदी का टुटा हुआ पायल चोरी कर फरार हो गए चोरी हुए सामनों की कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है पुलिस ने बताया दो पुरूष, दो औरत ब'चे लेकर कि भीख मांगते घूम रहे थे उसी में सें एक औरत को घर से निकलते देखा गया है।

### राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास



**भिलाई, 26 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 40 दिवसीय कार्यक्रम शिव पिता मेरे लिए है आया के अंतर्गत आज ब्रह्मा वत्स सेक्टर 5 स्थित भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर में प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक संगठित रूप में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया।तत्पश्चात सभी ब्रह्मा वत्सो ने सेक्टर 5 में सम्पूर्ण मौन में रहकर विश्व शांति के लिए प्रभात फेरी निकाली।अंतर्दिशा भवन परिसर में द्वादश ज्योतिर्लिंग की भव्य अलौकिक झांकी निर्माण का श्री फल फोड़कर भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भूमिपूजन किया।

### संकल्प यात्रा में 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े



**रिसाली, 26 फरवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे चरण की शिविर में 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े। अंतिम दिन शिविर नेवई बस्ती व मौहरी मरौदा में लगाया गया। शनिवार को शिविर में 1000 से ज्यादा लोगो ने योजना का लाभ लेने पंजीयन कराया।इस अवसर पर पार्षद ईश्वरी साहू ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से न केवल शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार हो रहा है, बल्कि हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है। शिविर में आधार कार्ड अपडेट से लेकर लगभग दस योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर,मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू, विक्की सोनी, अजीत चैधरी,सोनू राम सिंह आदि उपस्थित थे। अतिथियों और हितग्राहियों को निगम सचिव रोहित साहू ने संकल्प दिलाया।

### नेहा साहू बनी प्रदेश साहू संघ में संगठन सचिव

**दुर्ग,26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री टहल सिंग साहू जी अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री संदीप साहू जी प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय श्री भुनेश्वर साहू जी प्रदेश उपाध्यक्ष माननीया श्रीमती मोहनकुमारी साहू जी व प्रदेश संयोजक (आई टी प्रकोष्ठ) श्री द्वारिका साहू जी के अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई टी प्रकोष्ठ) दुर्ग सभांग के पदाधिकारियो को नियुक्ति किया गया।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए जिला भाजपा कार्यालय में हुई विधानसभा स्तरीय बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 26 फरवरी।** लोकसभा चुनावों की अपनी तैयारियों को जमीन पर उतारते हुए भारतीय जनता पार्टी ने बैठकों का क्रम प्रारंभ कर दिया है. इस कड़ी में आज राजनांदगांव - कवर्धा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी नारायण चंदेल, संयोजक मधुसूदन यादव, जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी, सह संयोजक नीलू शर्मा, सह प्रभारी अंजू राजपूत जिले के प्रवास पर कवर्धा पहुंचे और जिले की दोनों विधानसभाओं की चुनाव प्रबंधन समितियों की बैठकें लीं.

जिला भाजपा कार्यालय में कवर्धा विधानसभा स्तरीय बैठक हुई जबकि पंडरिया विधानसभा की बैठक ग्राम मोहतरा में संपन्न हुई. बैठक की शुरुवात करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने अपने स्वागत भाषण में जिले के कार्यकर्ताओं को दोनों विधानसभाओं में ऐतिहासिक जीत के शिल्पी बताते हुए बधाई दी. जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी ने अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को याद दिलाते हुए कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में दोनों विधानसभाओं में बढ़त दिलाने का आव्हान भी किया. उन्होंने कहा कि कवर्धा के कार्यकर्ताओं की ताकत को पिछले चुनाव में प्रदेश भर के लोगों ने महसूस किया है. अब उसी ताकत के साथ मोदी जी के चुनाव में भी काम करना है. लोकसभा के चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने विधानसभा स्तरीय प्रबंधन समिति की घोषणा करते हुए तीस विभागों के प्रभारियों के नामों की घोषणा की. उन्होंने जल्द ही विधानसभा चुनाव कार्यालय खोलने की बात भी कही. लोकसभा चुनाव प्रभारी नारायण चंदेल ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुए हैं लेकिन पार्टी की चुनावी तैयारी शुरू हो गई है.सभी क्षेत्रों में लोकसभा स्तरीय चुनाव कार्यालयों ने काम करना भी प्रारंभ कर दिया है. उन्होंने मोदीजी के उस आग्रह को भी कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि इस चुनाव में हमें हर बूथ में तीन सौ सत्तर वोट बढ़ाने हैं. उन्होंने सभी सातों मोर्चों को भी मोर्चे पे डट जाने को कहा. लोकसभा चुनाव तक सक्रिय रहने का मंत्र भी उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिया.। इस महत्वपूर्ण बैठक का संचालन संतोष पटेल और आभार जसविंदर बग्गा ने किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, अनिल सिंह, राजेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, अजीत चंद्रवंशी, सीताराम साहू, सुरेश दुबे सहित मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चे के जिला अध्यक्ष , महामंत्री, मंडल अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे.।

## आचार्य विद्यासागर को मिले भारतरत्न के साथ विश्वरत्न का सम्मान



**दुर्ग, 26 फरवरी।** संत शिरोमणि जैनाचार्य 108 श्री विद्यासागर जी मुनि महाराज को रविवार को शिवपारा स्थित ऋषभ देव परिसर मे सभी समाज के हजारो लोगों व जनप्रतिनिधियों ने विनयांजलि दी। इस दौरान अधिकतर लोगों ने आचार्य को अमूल्य पूजी बताया और उन्हें भारत रत्न के साथ विश्वरत्न से सम्मानित किए जाने की बात कही।जन प्रतिनिधियों व समाज प्रमुखों का कहना था कि आचार्य जी के व्यक्तित्व व योगदान का शब्दों में उल्लेख करना सूरज को दीपक दिखाने के समान है। आचार्य जी ने गौंसेवा स्वावलंबन व शिक्षा सहित अनेक अनुकरणीय कार्य किए है।नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहर में आचार्यश्री की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। आचार्य श्री विद्यासागर जी की सल्लेखना पूर्वक समाधि विगत अष्टमी तिथि 17 फरवरी को धर्मनगरी चंद्र?गिरि तीर्थ डोंगरगढ़ में हो गई थी आचार्य जी को विनयांजलि देने विधायक गजेंद्र यादव,पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक ललित चन्द्राकर,संघ के पूर्व संचालक बिसरा राम यादव,पूर्व विधायक अरुणवोरा,प्रतिमा चंद्राकर,राजेन्द्र साहू,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,डोंगरगढ़ से ब्रम्हचारी अरुण भैया,मनोज ब्रम्हकुमारी से चैतन्य दीदी,खेमा मध्यानी,श्री चंद लेखनानी,चतुर्भुज राठी, क्षितिज चंद्राकर,अरविन्दर खुराना,आर एन वर्मा एवं नगर निगम के समी पार्षदगणों के साथ जैन समाज के अजय जैन, महेन्द्र दुग्गड़, उज्ज्वल पाटनी,मनोज पहाडिया सजलकाला,राकेश छाबडा,संदीप लुहाड़िया,नवीन जैन,आशीष जैन दीपक जैन,नीता जैन,सपन जैन,श्रेणिक कोठारी,अमोल जैन,प्रकाश गोलछा एवं ब्राम्हण समाज के सुरेन्द्र शर्मा,शिव चंद्राकर,ज्ञानचंद पाटनी सहित सभी लगभग सभी धर्म व समाज के लोग शामिल हुए ।

# धनोरा में श्रीराम कथा का समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 फरवरी।** बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्राम वासी के सहयोग से 16 फरवरी से 24 फरवरी तक चल रहे मारुति यज्ञ एवं श्रीराम कथा का समापन हो गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि मारुति यज्ञ में भक्तगण बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सुबह से शाम तक भक्त लोग परिक्रमा के लिए लगे रहते थे भंडारा मे दस हजार भक्तगण प्रसाद ग्रहण किया इस यज्ञ में अतिथियों का भी आगमन हुआ जिसके दरबार के भक्तों के द्वारा प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया माननिय श्री ललित चन्द्राकार जी दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री प्रितपाल बेलचंदन जी श्री कामेश साहू छत्तीसगढ़ क्रांति सेना एवं मिडिया पत्रकार बंधुओं का एवं धरोहर महादेव हिरवानी जी का सम्मान किया गया श्री विनोद साहू जी गुलाब साहू राजु यादव श्री वासुदेव सपरे उपसरपंच मनोज पटेल जी के मनसुखा साहू रोशन साहू जी के द्वारा रात्रि में छतिसगढही सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर महादेव हिरवानी कृत का आयोजन किया गया था जिसमें रात्रि भर भक्तों ने मनोरंजन किया यह माघी पूर्णिमा मेला मंड़ाई हर साल होता है श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति एवं समस्त ग्राम वासी के सहयोग से 65 वर्षा से होते चले आरहे है मेला मंड़ाई देखने के लिए बड़े दुर दुर से लोग आते हैं यहां और यह मेला मंड़ाई आस पास में अलह ही पहचान है यहां का जो मेला मंड़ाई है वह इस कार्यक्रम को सफल बनाएं में जुटे हुए थे हमारे श्री विनोद साहू जी गुलाब साहू मनोज पटेल योगेश साहू मुनना गंधर्व दिनेश साहू उमेश साहू जीवराखन ठेकेदार कुंज लाल साहू कुंभकरण पटेल बाबुलाल साहू मारियल साहू सुनील साहू ललीत साहू झबबू साहू सुखीराम साहू सुंदर सपरे राजू देवांगन रुपलाल टेलर सुख ऊ राम साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू कल्याण देवांगन नंदू साहू राजू यादव श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू लक्ष्मी साहू दुर्गा साहू देवकी साहू अंजू देवांगन देवश्री साहू मुंगा स्प्रे बुंधकुवर साहू कौशिलिया सेन नंद पंडा कौशिलिया साहू मंजू साहू संगीता सपरे हीतेश पटेल सुलोचना ठाकुर कु पुजा कु वेदु कु विननी कु नेहा पप्पू कु सुरुचि कु निशा सेन आदि भक्तों ने पुरे दस दिन तक तन मन धन से विशेष सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए थे यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू जी ने दी

## पटेल समाज की वार्षिक बैठक हुई,माँ शाकम्भरी पूजा महोत्सव मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 26 फरवरी। सर्वप्रथम मां शाकंभरी की पूजा आरती हुआ तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ माता की रथ को ग्राम मचांदूर में गली भ्रमण कराया गयाइसमें हमारी समाज की माताएं बहने प्रमुख रूप से शामिल हुए ग्राम में उत्साह देखते ही बनता था । पारसमणी पटेल ने बताया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मेंमान. श्री ललित चंद्राकर जी विधायक (दुर्ग ग्रामीण) मान.श्री सुनील पटेल जी प्रदेश अध्यक्ष कोस.मरार समाज (छ-ग)अध्यक्षता श्री लक्ष्मी नारायण पटेल (अध्यक्ष)पाटन राज ने कीमान.श्री खेलूराम पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष कोस.मरार समाज छ्ग विशिष्ट अतिथि श्रीमती योगिता चंद्राकर जी, श्री लेखन साहू जी, श्री दिलीप साहू जी,श्री गजेंद्र साहू जी, श्री फत्तेलाल वर्मा विशेष अतिथि श्री आत्माराम पटेल जी,श्री मोहन पटेल जी, श्री गणेश पटेल जी,श्री पवन पटेल जी साथ ही पाटन राज से आए विभिन्न ग्रामों समाजिकगण उपस्थिति दी। मचांदुर के लीये 1 अतिरिक्त कक्ष की माँग मा.विधायक महोदय से किया जिसे उन्होंने स्वीकार किया। सभी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक व्यवस्था, महिलाओं की भागीदारी, पर ध्यान केंद्रित किया।

## डोगरगढ़ में शराब की अवैध बिक्री पर विधायक चिंतित

डोगरगढ़, 26 फरवरी। डोंगरगढ़ विधायका हर्षिता स्वामी बघेल ने सदन में सवाल खड़े किया है की सुरक्षा के लिए आया गार्ड नशे में धुत्त रहता है तो क्या एक महिला विधायक की सुरक्षा कर पायेगा? आपको बता दे कि धर्मनगरी के शराब कोचियों के द्वारा गांव की गली सहित शहर के हर मोहल्ले में शराब के खेप पहुँचा अवैध रूप से बिक्री किया जा रहा है और नशे की गर्त में युवाओ को डुबोने का कार्य धड़ल्ले से निरंतर जारी है जिसे देखने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है।बताया जाता है डोंगरगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। नशे का व्यपार तो इस कदर हावी हो गया है कि स्कूली बच्चे भी इससे अछूते नहीं रहे है। बताया जाता है कि दोनों प्रमुख पार्टियों ने शराबबंदी को लेकर गंगाजल की कसम चुनावी दांवचाल बनकर रह गई है। धर्मनगरी में अवैध शराब की बिक्री जनता,कानून सहित राजनेताओं के सामने खुलेआम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार ने दारू के ठेके खुलवाये तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने परम्परा का निर्वहन करते दारू के ठेकों में वृद्धि लाकर राजस्व में वृद्धि कर दी। दोनों प्रमुख पार्टियों ने चुनावी दांवपेंच के लिए शराब बंदी करवाने का आश्वासन दें जनता से मात्र वोट लेने का कार्य किया जबकि हकीकत तो यह है कि सब मिलीजुली सरकार है। शराब एक सामाजिक बुराई है जिस पर लगाम लगाने के लिए जनता, राजनेता सहित कानून को साथ खड़ा होना होगा व अपने आसपास की गंदगी को साफ किया जा सकता है । डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा अपना पदभार ग्रहण करने के बाद ही नशे के खिलाफ उन्होंने अभियान आरंभ कर दिया था। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया था कि कोई भी कार्यकर्ता नशे के अवैध कार्य में संलिप्त न हो और न ही किसी की सिफारिश करें। यदि फिर भी कोई ऐसा करता है तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस को नशे के खिलाफ ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें गांजा, शराब, नशीली गोली और अन्य नशीली वस्तुओं के विक्रय पर तत्काल लगाम लगाने कहा। उन्होंने कहा कि यदि पुलिसिंग सतर्क और सजग रहेगी तो किसी की मजाल नहीं है कि अवैध कार्य करने की हिम्मत कर सके, परंतु जब उन्होंने देखा कि उनके आग्रह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है और उनके बंगले में तैनात सुरक्षाकर्मी ही शराब के नशे में मदहोश होकर ड्यूटी कर रहे हैं और उसी हालत में बंगले में निवास कर रहे हैं तो उन्हें इससे बहुत आघात महसूस हुआ, तब जाकर यह मुद्दा प्रदेश स्तर का हो गया। श्रीमती बघेल ने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया, जहां विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इसे संज्ञान में लेकर गंभीरता से सुना गया, परंतु उप मुख्यमंत्री (गृहमंत्री) विजय शर्मा द्वारा पिछली सरकार को जिम्मेदार बताकर इस विषय की नजर अंदाज कर दिया है, परंतु डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि चाहे मुझे सरकार का सहयोग मिले या न मिले, लेकिन मैं तब तक लड़ती रहूंगी, जब तक डोंगरगढ़ को इस नशे के दलदल से मुक्ति न दिला दूं, यही मेरा प्रण है।

## उधार के पैसे के लिए की थी युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या

**भिलाई, 26 फरवरी।** भिलाई 32 बंगला स्थित आईजी कार्यालय के सामने झाड़ियों में हुई तकियापारा दुर्ग निवासी शेख शाहरुख के अंधे कत्ल की गुत्थी 8 घंटे के भीतर पुलिस ने सुलझा ली है। मृतक शेख शाहरुख ने आरोपी आकाश से डेढ़ लाख रुपए उधार ले रखे थे, जिसे मृतक लौटा नहीं रहा था। हत्या की प्लानिंग कर आकाश ने शाहरुख को बुलाया। पहले दोनों ने शराब पी। इसके बाद 32 बंगला गैराज रोड किनारे झाड़ियों में ले जाकर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। भिलाईनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि मृतक को आखिरी बार पोलसाय पारा स्थित आईडीबीआई बैंक के सामने शुक्रवार शाम देखा गया था। इस आधार पर अन्य सीसीटीव फुटेज खंगाले गए तो शाहरुख किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ बाइक पर बैठ कर जाते दिखा। अज्ञात व्यक्ति की पहचान जयंती नगर दुर्ग निवासी आकाश नंदनवार के रूप में हुई। इस बीच आकाश के लोकेशन जांच की गई तो मृतक से मिलने से पहले उसने अपना नंबर बंद कर रखा था। इसके अलावा मृतक को कॉल करने के लिए दूसरे के मोबाइल का इस्तेमाल किया। इस आधार पर आकाश पर संदेह हुआ बीती रात पूछताछ के लिए उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी आकाश ने बताया कि उसका मृतक शेख शाहरूख से पिछले 7-8 साल पुराना परिचय था। शेख शाहरुख के खिलाफ पहले अनाचार का मामला दर्ज हुआ था। कोतवाली पुलिस ने भी आर्म्स एक्ट में जेल भेजा था। ऐसे में जमानत एवं अन्य कार्य के लिए उसने मृतक को करीब डेढ़ लाख रुपए उधार दिया। पैसा वापसी को लेकर वह आनाकानी करने लगा। इसके अलावा कॉल उठाना और मिलना भी बंद कर दिया। इस पर आकाश ने रंजिश बांध ली और उसकी हत्या की प्लानिंग करने लगा। शुक्रवार को उसने मृतक शेख शाहरूख को मारने का प्लान तैयार किया। इसके चलते रायपुर हथकरघा विभाग में ड्यूटी से छूटने के बाद अपना मोबाइल बंद कर ट्रेन से दुर्ग पहुंचा। रेलवे स्टेशन से सीधे इंदिरा मार्केट पहुंच कर मृतक शेख शाहरूख को तलाश करने लगा। मृतक के नहीं मिलने पर मार्केट में ही किसी व्यक्ति से मोबाइल मांग कर मृतक का लोकेशन लिया और बात कर आईडीबीआई एटीएम पोलसाय पारा मिलने पहुंच गया, जहां से उसे बाइक पर बिठाकर बटालियन स्थित शराब दुकान ले गया, जहां शहारुख को शराब और मुर्गा खिलाया उपरोक्त कार्यवाही में भिलाई नगर टीआई राजकुमार सउनि पूर्ण बहादूर, राजेश पाण्डे, प्र.आर. प्रेम सिंह, आर. अनूप शर्मा, संतोष कुमार, पन्ने लाल, उपेन्द्र यादव, शहबाज खान, जुगनू सिंह, नरेन्द्र सहारे, अनिल गुप्ता, शौकत खान, शिव मिश्रा, इसरार अहमद, अमित वर्मा, खुर्शीद बख्श खुर्रम टेक्नीकल टीम से प्र.आर. चन्द्रशेखर बंजीर, आर, विक्रांत यदु एवं विवेचना अधिकारी उप निरी. मन्नू लाल यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## सरस्वती शिशु मंदिर में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद, 26 फरवरी।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं कृष्ण चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण एवं तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने कहा कि आप सभी यहां से जाने के बाद भी विद्यालय में आते रहे, विद्यालय के द्वार आप सभी के लिए सदा खुले रहेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो छात्र-छात्राएं मेरिट लिस्ट में टॉप टेन में आते हैं, उसे महाकालेश्वर दर्शन उज्जैन ले जाने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए हमेशा हर दिशा में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।विद्यालय के आचार्य नारायण साहू ने कविता के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को विदा किया।इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्राओं के मनोरंजन के लिए नृत्य एवं खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें भूमिका साहू, छाया ध्रुव एवं डाली सिंह द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। छात्र-छात्राओं के लिए साड़ी पहनो एवं चिट उठाओ गेम का आयोजन किया गया। साड़ी पहनो प्रतियोगिता में राज लहरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सूरज सेन ने प्राप्त किया। चिट उठाओ प्रतियोगिता में विश्व पटेल ने प्रथम प्राप्त किया। पश्चात कक्षा 12वीं के छात्र अमर्त्य शर्मा, विश्व पटेल, हर्षवर्धन एवं राज डहरिया ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभव सुनाया गया। समापन के अवसर पर भूमिका रानी सिन्हा को मिस फेयरवेल एवं राज डहरिया को मिस्टर फेयरवेल की उपाधि से नवाजा गया। साथ ही सभी 12वीं के छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट में दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र देवेश तिवारी, धरना साहू एवं डाली सिंह ने किया। कार्यक्रम में यश यादव, डिगेंद्र साहू, सत्यम साहू, पार्थराज साहू, यशस्वी साहू, पीयूष साहू, युवराज साहू, आदित्य साहू, चंद्रदेव साहू, कुणाल गिरी गोस्वामी, रानू देवदास, डिगेश्वरी साहू, मोनिम साहू, मुस्कान देवांगन, तन्मय ठाकुर, राग ध्रुव, खुमेंद्र ध्रुव, ज्योति पांडे, मयंक साहू, नितिन जोशी का सहयोग सराहनीय रहा। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

## सेंट जेवियर्स प्री-प्रायमरी के बच्चों का मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर किया सम्मान

### कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी:प्राचार्य सुनील



**पत्थलगांव, 26 फरवरी।** सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चो के सर्वांगीण विकास एवं उच्च गुणवत्तयुक्त शिक्षा प्रदान करने एवं बच्चो के उत्साह वर्धन हेतु नीत नये कार्य किये जाते है। बच्चो का हौसला अफ्जाही करने एवं उन्हे जीवन मे आगे बढने के लिए अलग-अलग प्रकार से प्रोत्साहन किया जा रहा है। दिन शनिवार को प्री प्रयामरी के 39 बच्चो को शैक्षणिक सत् 2022-23 मे स्कूल मे शत-प्रतिशत उपस्थिती के लिए और 24 बच्चो को पढाई मे सर्वोतम प्रदर्शन के लिए मेडल एवं सर्टीफ्रिकेट प्रदान किया गया,जिसे पाकर बच्चे बेहद खुश थे। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य फा.सुनील खलखो ने कहा कि बच्चो का कठिन परिश्रम ही सफ्लता की मुख्य कुंजी है,बच्चे अपने जीवन मे अनुशासन मे रहकर इसे आसानी से हासिल कर सकते है। विद्यार्थी जीवन मे उन्हे परिश्रम के साथ अनुशासन मे रहकर अपने लक्ष्य को पाना चाहिये। फा.सुनील खलखो ने कहा कि कठिन परिश्रम करने के साथ स्कूल मे नियमित रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थी पढाई के क्षेत्र मे बहुत अच्छा मुकाम हासिल कर सकेंगे।।

## एक नजर

### नवीन राशन कार्ड वितरण के लिये 29 फरवरी तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** शासन आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण के संबंध में जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर नवीन राशन कार्ड वितरण वार्डो में किये जाने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन आदेशानुसार जिलाधीश महोदय के निर्देश पर नवीन राशन कार्ड का वितरण प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक 29 फरवरी तक किया जाना है, जिसके लिये वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, राशन कार्ड वितरण करने अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिसके तहत वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 5,6,7,9 व 10 के लिये चिखली स्कूल में, वार्ड नं. 11,12,13,14 व 15 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में, वार्ड नं. 16,17,18 व 19 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में, वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये रेवाडीह स्कूल के पास सामूदायिक भवन में, वार्ड नं. 42,43,44,45 व 46 के लिये कौनिभाठा स्कूल में 23,24 व 37 के लिये पुत्री शाला में, वार्ड नं. 25,26 व 27 के लिये सत्यनारायण धर्मशाला में, वार्ड नं. 28,29,30 व 31 के लिये लखोली सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये लखोली प्राथमिक शाला में, वार्ड नं. 36,38,39,40,41 व 48 के लिये इंदिरा नगर पानी टंकी में, वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये नल घर मोहारा में शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त शिविर में लगे अधिकारी कर्मचारी पुराने राशन कार्ड समर्पित कराकर नवीन राशन कार्ड का वितरण करेगे।

### पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता पुलिस इलेवन ने फायनल में बनाई जगह



**राजनांदगांव 26 फरवरी।** प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 के पहले सेमीफायनल मैच में नागरिक इलेवन सी ने नागरिक इलेवन ए को और दूसरे रोमांचक सेमीफायनल मैच में पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फायनल में जगह बना ली है। इस तरह पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 का फायनल मुकाबला नागरिक इलेवन ए और पुलिस इलेवन के मध्य 25 फरवरी 2024 को संध्या 7 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में खेला जाएगा। खेले गए सेमीफायनल मैच में पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री सचिन सिंह बघेल, ट्रस्टी आईबी ग्रुप डॉ. रूबिना अंजुम अल्वी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति और खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नगर के जनमानस से दिग्विजय स्टेडियम जुड़ा हुआ है। यह भव्य स्टेडियम को संजोय रखना हम सभी का दायित्व है। यहां निरंतर खेलों के आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हमारे शहर व जिले की प्रतिभाएं विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रदेश व देश का नाम रौशन करें। दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास के पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले सेमीफायनल मैच में गतवर्ष की उपविजेता नागरिक इलेवन सी ने एकबार फिर श्रेष्ठता साबित करते हुए दमदार नागरिक इलेवन ए को 13 रन से पराजित कर फायनल में पहुंची गई है। नागरिक इलेवन सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उसके बल्लेबाज सुनील साहू के 16 रन और शिवम चौधरी के 15 रन की बदौलत 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 78 रन बनाये थे। जिसके जवाब में नागरिक इलेवन की टीम 65 रन बनाकर ही सिमट गई। जिसमे ईश्वर सिन्हा ने 20 रन बनाये थे। नागरिक इलेवन सी की ओर से दौलतराम देवांगन ने 4 विकेट और फरमान अली ने 2 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### रोजगार गारंटी योजनांतर्गत निर्माणाधीन कार्यो का सीईओ जिला पंचायत ने किया औचक निरीक्षण

**धमतरी 26 फरवरी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने विकासखंड धमतरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरिदखुर्द में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन गौठान में डबरी निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं मेटों से चर्चा कर निर्देशित किया कि-जो श्रमिक नियोजित कार्य में नहीं आ रहे ऐसे श्रमिकों को कार्य में नियोजित किये जावें साथ ही कार्यस्थल में मस्टररोल एवं आई.एम.बी., जी.एम.बी. का अवलोकन किया गया जिसमें अपूर्ण पंजी को 02 दिवस के भीतर पूर्ण करते हुए जिला पंचायत कार्यालय को प्रेषित किये जाने निर्देशित किया गया। इसी तरह पंचायत का 07-पंजी आज तारीख तक अपडेट नहीं होने के कारण रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

### महतारी वंदन योजनाः पात्र हितग्राहियों की अनंतिम सूची जारी

**महासमुंद 26 फरवरी।** महतारी वंदन योजना के हितग्राही अब अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में जान सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि mahtarivandan.cgstate.gov.in लिंक की सहायता से हितग्राही अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# खनिज विभाग की लापरवाही से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 26 फरवरी।** खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। नदी में रोजाना अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से रेत ले जाई जा रही है। इससे राजस्व का चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाममात्र के लिए कार्रवाई भी की जाती है।

खनिज माफियाओं की राजनीतिक व प्रशासनिक अच्छी पकड़ है। इस कारण क्षेत्र मे अवैध उत्खनन कर राजस्व को चूना लगा रहे हैं, वहीं अधिकारी भी इसे नजरअंदाज कर अनुचित लाभ ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों की अच्छी पकड़ है। कोई जनप्रतिनिधि की बताता है, तो प्रशासनिक अधिकारियों की आड़ में उत्खनन करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र की बगदई, गुगुवा साल्हे,मटिया, करियाटोला, रातापायली, रुदगांव, बरगांव और शिवनाथ नदी के अन्य तट से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत खनन कर रहे हैं।

जिले में नदियों का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है, जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन बालू (रेत) उठाकर ले जाता है. राजनांदगांव जिले में बहने वाली शिवनाथ नदी के सहित कई छोटी से बड़ी नदियों से रोजाना ट्रैक्टर एवं छोटे ट्रक में बालू भरकर लोकल एरिया से लेकर अन्य प्रांतों में भी भेजा जा रहा है. जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन बालू (रेत) उठाकर ले जाता है.राजनांदगांव जिले में बहने वाली शिवनाथ नदी से लगे मटिया,दर्री,खुज्जी, बगदई, गुगुवा साल्हे, करियाटोला,रातापायली, रुदगांव, बरगांव सहित कई छोटी से बड़ी नदियों से रोजाना 150 से 200 ट्रैक्टर एवं छोटे ट्रक में बालू भरकर लोकल एरिया से लेकर अन्य प्रांतों में भी भेजा जा रहा है.

खतरे में नदियां, अवैध-निरंकुश तरीके से हो रहा रेत खनन, जिम्मेदार क्यों नहीं ले रहे एक्शन?राजनांदगांव जिले में इन दिनों नदियों में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर है. रेत माफियाओं द्वारा रेत उत्खनन का गोरख धंधा काफी दिनों से किया जा रहा है, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि रेत उत्खनन करने वाले एवं माफियाओं पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है. बता दें कि जिले में नदियों का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, राजनांदगांव जिले में बहने वाली शिवनाथ नदी सहित कई छोटी से बड़ी नदियों से रोजाना ट्रैक्टर एवं छोटे ट्रक में बालू भरकर लोकल एरिया से लेकर अन्य प्रांतों में भी भेजा जा रहा है. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि छत्तीसगढ़ सरकार व स्थानीय प्रतिनिधि के संरक्षण में रेत माफिया फल-फूल रहे हैं और रेत उत्खनन जैसे अनैतिक कार्य कर नदियों का दोहन कर रहे हैं। गरीबों को पीएम आवास के तहत रेत मुफ्त मिले और इस संबंध में आएगा के प्रदेश संगठन के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात करके इस मामले की जानकारी उनको देंगे।

# डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट ने किया युवा प्रबोधन वर्कशॉप का आयोजन





**रायपुर 26 फरवरी।** दोस्त ( डाक्टरस आन स्ट्रीट) और प्योर संस्था के द्वारा युवा प्रबोधन वर्कशॉप का आयोजन तिल्दा स्थित प्रयोग आश्रम में किया गया. आयोजन में विशेष रूप से शहरी युवा के कौशल उन्नयन के लिये चर्चा हुई. वर्कशॉप के मुख्य अतिथि एकता परिषद के संस्थापक पी वी राजगोपाल ने कहा कि समाज को सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के लिये , ग़रीबी , असमानता, भेदभाव और हिंसा के खिलाफ ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है. इसके लिये जन चेतना के विकास के लिये नागरिक समाज , वंचित समुदाय. शासन और मध्यम वर्ग सभी को आगे आने की ज़रूरत है. अंतिम व्यक्ति के लाभ को आधार बनाकर किये गये कार्यों से ही यह संभव है उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में सभी जगह गरीब और वंचितों की समस्याओं के विषय पर युवाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं.युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक परिवर्तन के लिये हमेशा ही उपलब्ध रहती है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि सामाजिक विकास में व्यक्तिगत विकास समाहित है. और इस विकास की धारा में ही युवाओं के कैरियर के लिये संभावना बेहतर होती है. युवा वर्कशॉप में एडवोकेट संतोष ठाकुर ने कानुनी कौशल उन्नयन, सुनील शर्मा ने में प्रबंधन कौशल, और डॉ संगीता कौशिक ने महिला सशक्तिकरण के विषय पर आधारित प्रबोधन दिया . परिचर्चा में भावना साहु , रत्ना मिश्रा, मंजु ठाकुर , स्वामी देवांगन , अनिता , अनुराग शर्मा, प्रवीण देवागंन नें भाग लिया. कार्यक्रम का संयोजन प्रयोग आश्रम के अध्यक्ष सीताराम सोनवानी ने किया जिसमें अनन्या चैटरजी जिज्ञासा साहु और नव्या चंद ने सक्रिय सहयोग दिया।

## समाचार संक्षेप

### महोत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परपंरा का समावेश : कुलबीर



**राजनांदगांव 26 फरवरी।** आर्शीवाद नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में एक दिवसीय मोखला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश कर महोत्सव के रूप में मनाया गया। महोत्सव में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शिरकत की। मोखला महोत्सव को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों की प्रासंगिकता तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखने में कामयाब होते हैं। आज के समय में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है। इस तरह के आयोजन कराना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना ये बड़ी बात है। इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों को हमारे धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विरासत का ज्ञान होता है जो बेहद जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों को हम सभी को मिल जुलकर करना चाहिए, धार्मिक आयोजनों से उत्पन्न धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। महोत्सव में प्रथम मंचस्थ रामलखन मानस परिवार ग्राम मोखला द्वारा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित महाकाव्य पाठ किया गया। तत्पश्चात द्वितीय मंचस्थ में शारदा रानी मानस परिवार महासमुंद द्वारा झांकी के माध्यम से रामलीला का मंचन किया। तृतीय मंचस्थ में विद्यादायनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़ द्वारा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों व राक्षसों के संहार का मंचन झांकी के माध्यम से किया। चतुर्थ मंचस्थ छग महतारी पंडवानी पार्टी ग्राम महराटोला कवर्धा द्वारा पंडवानी के माध्यम से महाभारत के कौरव व पांडवा युद्ध का वर्णन किया। पंचम मंचस्थ में जय राधा कृष्ण राउत नाच पार्टी खजरी घुमका द्वारा राउत नाचा व कृष्ण-राधा प्रेम, होली का मंचन किया वहीं षष्ठम मंचस्थ मंडली मयारू भाई छग नाच पार्टी भाठागांव सिकोसा द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, सुआ नृत्य, बस्तरिया नाच का मंचन के साथ मोखला महोत्सव का समापन हुआ।

### थाना घुमका पुलिस को सायबर क्राईम में मिली बड़ी सफलता

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत एक 26 वर्षीय युवक दिनांक 08.02.2024 को अपने घर से बिना बताये सायकल लेकर कहीं चला गया था। आसपास पता न चलने पर प्रार्थी पिता के द्वारा दिनांक 09.02.2024 को थाना घुमका में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया। गुमशुदा की पतासाजी के दौरान दिनांक 12.02.2024 को गुमशुदा युवक का शव ग्राम गोपालपुर खेत में होने की सूचना मिलने पर थाना घुमका पुलिस, क्षेत्रीय फोरेंसिक टीम दुर्ग के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल व शव निरीक्षण किया गया साथ ही गुमशुदा युवक मृत हालत में बरामद होने पर थाना घुमका में मर्ग क्रमांक 05/24 धारा-174 द.प्र.संहिता के तहत कायम कर जांच कार्यवाही किया गया। जांच के दौरान मृतक के पीएम रिपोर्ट, मृतक युवक के मोबाईल नंबर, मृतक के द्वारा अंतिम बार बैंक खाता में किये गये पैसे ट्रांसफर एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के अनुसार मृतक युवक को दो मोबाईल नंबरों के अज्ञात धारकों द्वारा एक राय होकर ब्लैकमेल कर फोन-पे के माध्यम से 2,000 रूपये ट्रांसफर करवाने के बावजूद लगातार मृतक को धमकी देकर भयभीत कर आत्महत्या हेतु उकसाने पर मृतक भय की वजह से दिनांक 08.02.2024 को अपने घर से बिना बताये निकलकर जहर सेवन कर आत्महत्या करना पाये जाने पर दिनांक 15.02.2024 को उक्त मोबाईल नंबरों एवं खाता धारक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2024, धारा-306,384,34 भादवि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### सांसद ने आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने आज आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से रवाना किया। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के लगभग 670 श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को आस्था स्पेशल ट्रेन से प्रभु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। इस ट्रेन में श्रद्धालु के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था है। आस्था स्पेशल ट्रेन में भोजन, स्वल्पाहार, चिकित्सा, सुरक्षा एवं सर्वसुविधायुक्त है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अतिथियों के लिए बहुत ही शानदार सत्कार करने का कार्यक्रम बनाया है। प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए पूरे देश के सभी प्रांतों से इसी प्रकार अयोध्या ट्रेन पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भगवान रामलला के दर्शन करेंगे। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यादगार बन गई। श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा प्लेटफार्म जय श्रीराम, जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर रामलला के दर्शन की आतुरता व खुशी साफ झलक रही थी।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा का तृतीय चरण राजीव नगर में प्रथम शिविर का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 26 फरवरी।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा तृतीय चरण की मोबाईल वेन आज नगर निगम सीमा क्षेत्र में पहुंची। वेन के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और योजनाओं का लाभ देने आज प्रथम शिविर प्रातः राजीव नगर, सामुदायिक भवन बसंतपुर मैदान में लगाया गया। शिविर के प्रारंभ में नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, ऋषि शास्त्री, श्रीमती खेमीन यादव, पूर्व पार्षद श्री शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव, श्री सेवकराम उईके, श्री जीवन चतुर्वेदी सहित निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नयाब तहसीलदार श्री आर.एन. पटेल ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा छत्तीसगढ़ राजगीत के माध्यम से शिविर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के पूर्व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों ने फिता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने हितग्राहियों से मुलाकात कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाई, और सभी विभाग द्वारा लगाये गये स्टालो का अवलोकन किया। साथ ही अतिथियों द्वारा मोबाईल वेन का स्वागत किया गया, वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वाचन तथा चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की समान्य जानकारी दी गयी। नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के प्रथम शिविर का आज बसंतपुर राजीव नगर में शुभारंभ हो रहा है, शिविर का प्रमुख उद्देश्य यह है कि शासन ने जो योजना लागू की है उसका लाभ लोगों को मिला की नहीं, मिला तो कितना मिला, जिनको मिला वो अपना अनुभव बता रहे है, जिन्हें लाभ नहीं मिला उन्हें लाभ देने शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने केन्द्र सरकार की योजना का लाभ देने संकल्प यात्रा प्रारंभ किये। उन्होंने वार्डवासियों से शिविर में उपस्थिता होकर योजना का लाभ लेने की अपील की है। सांसद प्रतिनिधि श्री सेन, पार्षद श्री शिव वर्मा व श्रीमती खेमीन यादव ने भी अपने संबोधन में मोदी सरकार को धन्यवाद देते हुये कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ देने चरणबद्ध वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, तीसरा चरण का पहला शिविर आज राजीव नगर में लगा है, जहाँ योजनाओं का लाभ वार्डवासियों को दिया जावेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने महिलाओं ने बड़ी संख्या में आवेदन भरे है।

### पुलिस आरक्षक हत्या के मामले में दसवां पशु तस्कर आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 09.02.2024 के रात्रि 02.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भा.द.वि. की धारा 307,302,34,120क्छ. ग. पशु परि. अधि. धारा 4,6,10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था ।

# अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए सैकड़ों रामभक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 26 फरवरी।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों राम भक्त अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए। अयोध्या जाने के पूर्व सर्वप्रथम जिला भाजपा महामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव जी ने सैकड़ों राम भक्तो के साथ छुरिया मा दन्तेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी के मं की कामना की। श्री वैष्णव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर सभी को प्रभु राम लला के दर्शन कराने का वादा पूरा हो रहा है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों राम भक्तो के साथ अयोध्या दर्शन करने का हम सभी को सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। निश्चित रूप से विष्णु देव की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में सभी राम भक्तो को अयोध्या दर्शन के लिए ले जायेगी। पूरा गांव से शहर तक राम मय हो गया है। राम हमारी आस्था है, राम हमारी सनातन संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। राम मंदिर करोड़ों सनातनी हिन्दूओं की भावनाओं का प्रतिक है। आज सभी राम भक्त अयोध्या दर्शन को रवाना हो रहे हैं राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में माननीय संतोष पांडे सांसद लोकसभा राजनांदगांव खूबचंद पारख वरिष्ठ नेता भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा,रमेश पटेल अध्यक्ष जिला भाजपा संतोष अग्रवाल सचिन बघेल,राजेंद्र गोलछा,रविन्द्र वैष्णव,मूलचंद लोधी,राजेश श्यामकर, रघवीर वाधवा,रामकुमार गुप्ता,रोहित चंद्राकर,तरुण लहरवानी,हर्ष रामटेके,जैनकुमार मेश्राम, बोधीराम साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### यह किताब मुक्तिबोध के राजनांदगांव में बिताए गए 6 वर्षों पर ही केंद्रित

# नांदगांव में मुक्तिबोध के जीवन पर केंद्रित पहली किताब का विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 26 फरवरी ।** नगर के प्रसिद्ध इतिहासकार स्मृतिशेष गणेश शंकर शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके द्वारा लिखित शोध ग्रन्थ 'नांदगॉव में मुक्तिबोध' का विमोचन 23 फरवरी 2024 को नगर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्तिथि में प्रसिद्ध शिशुरोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ने किया। यह किताब मुक्तिबोध द्वारा राजनांदगांव में बिताए गए 6 वर्षों पर ही केंद्रित है। राजनंदगांव का मुक्तिबोध के जीवन में योगदान तथा मुक्तिबोध का राजनांदगांव के प्रति अनुराग को रेखांकित करती यह पहली किताब है।

मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बाफना ने कहा कि स्मृति शेष गणेश शंकर शर्मा लेखन के प्रति बेहद गंभीर होने के साथ-साथ अपने शहर के प्रति बेहद संवेदनशील थे। नगर का ऐसा कोई भी विषय नहीं इसके इतिहास से वे अपरिचित थे। नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और ज्ञान का ही परिणाम है यह किताब। उन्होंने आगे कहा कि नांदगॉव में मुक्तिबोध स्थानीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक वातावरण में हलचल पैदा करने वाली एक अद्भुत किताब है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संस्मरणों को याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय गणेश शंकर शर्मा जब भी मिलते थे तो बहुत सकारात्मक से मिलते थे । उनमें कभी निराशा का भाव नहीं देखा और वह जिसके भी सामने होते उसकी पृष्ठभूमि के साथ-साथ उसके ज्ञान का सम्मान कर उसकी बात भी सुनते । उन्होंने आगे कहा की स्वास्थ्य जगत से जुड़े मेरे सभी आलेखों और स्तंभों को पढ़ने के बाद वे तत्काल मुझे फोन कर अपनी प्रतिक्रिया देना नहीं भूलते उन्होंने राजनांदगांव पर जो कुछ भी लिखा वह युगों युगों तक मूल्यवान रहेगा।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत एंट्री उनके कमरे तक थी और मैंने पाया कि वह किताबों के ढेर के बीच बैठकर अपनी सर्जन का आनंद लेते थे। उनके लिखे सारे स्तंभ नगर में ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में लोकप्रिय रहे और कई दौर तो ऐसे भी आए जब लोग उसे दिन के अखबार को खोजते थे। स्वर्गीय शर्मा जी वामपंथी प्रगतिशील विचारधारा के नहीं थे किंतु मुक्तिबोध पर उन्होंने उतनी ही तन्मयता और रुचि के साथ लिखा जितना की कोई प्रगतिशील विचारधारा का व्यक्ति लिखता। उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ चन्द्र शेखर शर्मा ने उनके साथ सह लेखक के रूप में तीन किताबों पर काम किया इस नाते स्वर्गीय श्री शर्मा जी और चंद्रशेखर इस किताब के प्रकाशन हेतु बधाई के पात्र हैं।

# राहुल का एजेंडा और भाजपा की तैयारी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले साल के विधानसभा चुनावों में उठाए अपने एजेंडे से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का फोकस पिछड़े, दलित और आदिवासियों के ऊपर रहा है। वे बार बार यह सवाल उठा रहे हैं कि भारत में शासन चलाने में इन समुदायों की क्या भूमिका है। इसे वे ऐसे तरीके से पूछ रहे हैं, जिसके लिए उनकी आलोचना भी हो रही है। जैसे उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर में पत्रकारों से पूछा कि उनके चैनल या अखबार का मालिक कौन है? क्या कोई दलित या पिछड़ा या आदिवासी मालिक है? इस दौरान उनसे सवाल पूछ रहे एक पत्रकार के साथ कांग्रेस के कुछ अति उत्साही कार्यकर्ताओं ने मारपीट भी की। राहुल गांधी पत्रकारों से इसी तरह का सवाल एआईसीसी मुख्यालय में भी कर चुके हैं। उन्होंने पूछा था कि प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद कितने पत्रकार पिछड़ी जाति से या दलित समुदाय से हैं। तब भी इसकी आलोचना हुई थी। लेकिन वे इस मुद्दे को नहीं छोड़ रहे हैं। वे बता रहे हैं कि भारत सरकार ने 90 सचिवों में से सिर्फ तीन ओबीसी हैं। उन्होंने अब यह भी कहना शुरू किया है कि देश की बड़ी कंपनियों में किसी कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी या शीर्ष अधिकारी पिछड़े, दलित या आदिवासी समाज का नहीं है। अपनी बात को प्रमाणित करने के लिए राहुल यह भी पूछ रहे हैं कि राममंदिर के उद्घाटन में अंबानी, अडानी तो बुलाए गए लेकिन किसी पिछड़े, दलित या आदिवासी को क्यों नहीं बुलाया गया? इसके आगे वे जाति गणना कराने और आरक्षण बढ़ाने की जरुरत बता रहे हैं। भाजपा को उनकी इस रणनीति के

**संपादकीय**

चलते नुकसान की आशंका सता रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि तभी भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति में कुछ बदलाव किया है। कहा जा रहा है कि भाजपा लोकसभा के चुनाव प्रचार में हर जगह सिर्फ मंदिर का मुद्दा नहीं उठाएगी। मंदिर के साथ साथ वह लाभार्थी का जिक्र करेगी। लेकिन उससे बड़ी बात यह बताई जा रही है कि भाजपा ने तय किया है कि दलित या आदिवासी बहुल इलाकों में मंदिर की बजाय सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र ज्यादा होगा। इसका मतलब है कि भाजपा को लग रहा है कि मंदिर का मुद्दा दलित और आदिवासी समुदाय में बहुत ज्यादा अपील नहीं करेगा। इसके उलट राहुल गांधी की बातें ज्यादा अपील कर सकती हैं। इसलिए भाजपा ने वैकल्पिक रणनीति तैयार की है।

## केजरीवाल गिरफ्तार हुए तो क्या करेंगे?

ऐसा लग रहा है कि केंद्रीय एजेंसियां सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी शराब नीति से जुड़े धनशोधन के कथित मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शिकंजा कस रही है। इसी तरह से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ शिकंज कसा था और अंत में वे गिरफ्तार हुए। गिरफ्तारी से ठीक पहले उन्होंने इस्तीफा दिया और पार्टी के वरिष्ठ नेता चम्पई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया, जिनको राज्यपाल ने बाद में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। अब सवाल है कि क्या अरविंद केजरीवाल को अगर ईडी गिरफ्तार करती है तो वे भी हेमंत सोरेन की तरह इस्तीफा देंगे या मुख्यमंत्री बने रहेंगे?

उन्होंने ईडी के पहले या दूसरे समन के बाद ही दिल्ली के लोगों के बीच एक कथित जनमत संग्रह कराया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि अगर केजरीवाल गिरफ्तार होते हैं तो उनको इस्तीफा देना चाहिए या नहीं? आम आदमी पार्टी के मुताबिक इस सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने कहा कि केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। उनको जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। इस जनमत संग्रह से पहले ही सरकार कह चुकी है कि केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे। क्या वे सचमुच ऐसा कर सकते हैं? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि अगर वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो क्या वे देश के पहले मुख्यमंत्री होंगे, जो पद पर रहते हुए गिरफ्तार किए जाएंगे? यह बहुत दिलचस्प स्थिति है। अगर वे इस्तीफा देते हैं तो किसको मुख्यमंत्री बनाया जाएगा? आतिशी, सौरभ भारद्वाज या गोपाल राय?

**प्रासंगिक**

तनवीर जाफ़री

# भारत में बढ़ते भ्रष्टाचार के मध्य निशाने पर 'व्हिसिल ब्लोअर्स'



हमारे देश में भ्रष्टाचार मिटाने,भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने जैसे दावे तो लगभग सभी सरकारों द्वारा बड़े ही ज़ोर शोर से किये जाते रहे हैं। परन्तु हक़ीक़त शायद इससे कुछ अलग ही है। दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग सत्ता के संरक्षण में स्वयं को सुरक्षित कर रहे हैं। देश के लाखों करोड़ रूपये लेकर तमाम ठग व भगौड़े विदेशों में पनाह ले चुके हैं। बड़े व्यवसाय व ठेकों पर उद्योगपतियों के नेटवर्क का लगभग पूर्ण नियंत्रण हो चुका है। यहाँ तक कि बड़े उद्योगपतियों द्वारा छोटे व्यवसायियों को 'निगलने ' का खेल भी खेला जा रहा है। एक तरफ़ जहाँ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने और उन्हें गले लगाने के कई उदाहरण सामने हैं वहीँ दुर्भाग्यवश ऐसे भ्रष्टाचारियों की पोल खोलने व उन्हें बेनक़ाब करने वाले 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता का विषय बानी हुई है। हमारे देश में 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' की हत्या से लेकर उनपर हमलों व मुक़दमों जैसी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। अनेक आर टी आई कार्यकर्ताओं की हत्या व उन पर हमले हो चुके हैं। जबकि हमारे देश में व्हिसल ब्लोअर को 'व्हिसलब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम, 2014' द्वारा संरक्षित भी किया जाता है। क़ानून में उनकी पहचान की सुरक्षा के साथ-साथ उनके उत्पीड़न को रोकने के लिये कठोर मानदंडों को भी शामिल किया गया है।

परन्तु पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक मालिक जैसे वरिष्ठ नेता के क़रीब 30 ठिकानों पर सी बी आई द्वारा की गयी छापेमारी के बाद एक बार यह सवाल फिर उठने लगा है कि सरकार आख़िर किसके साथ है ? भ्रष्टाचारियों या रिश्वतख़ोरों के साथ या 'व्हिसलब्लोअर्स' के साथ ? सत्यपाल मलिक ने कहा कि उनके घर पर सीबीआई ने जो छापा मारा है वो नहीं होना चाहिए था क्योंकि जिस किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सिलसिले में उनके घर पर छापा डाला गया है उसमें वो असल में व्हिसल ब्लोअर और शिकायतकर्ता थे। इस छापेमारी के बाद उन्होंने फिर दोहराया कि ये वही किरु मामला है जिसमें मैंने कहा था कि मुझे 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की गई थी लेकिन मैंने फ़ाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। लेकिन मैंने जिन गुनहगारों के नाम लिए थे उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई करने की बजाय सीबीआई ने 'व्हिसलब्लोअर' के ख़िलाफ़ ही कार्रवाई करने का फ़ैसला किया. मालिक ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपने आलोचकों को चुप कराना चाहती है। विपक्षी दल भी पूर्व राज्यपाल के ठिकानों पर की गयी सी बी आई छापेमारी को असंतोष की आवाज़ों को दबाने वाला क़दम बता रहे हैं। इसे भारतीय किसानों के ग़ुस्से से ध्यान भटकाने की कोशिश भी बताया जा रहा है। राहुल गाँधी ने तो इस प्रकरण पर अपने ही अंदाज़ में लिखा है कि - किसान रक्षक मांगें, तो उन्हें गोली मारो - ये है मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी? जवान नियुक्ति मांगें, तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो - ये है मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी? पूर्व गवर्नर सच बोलें, तो उनके घर CBI भेज दो - ये है मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी? सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ़्रीज़ कर दो- ये है मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी? धारा 144, इंटरनेट बैन, नुकीली तारें, आंसू गैस के गोले - ये है मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी? मीडिया हो या सोशल मीडिया, सच की हर आवाज़ को दबा देना - ये है मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी?




तो क्या जिसे 'मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी' बताया जा रहा है उस देश की वास्तविक हक़ीक़त ही यही है कि यहाँ भ्रष्टाचारियों व आर्थिक व व्यवसायिक अनियमितता बरतने वालों को नहीं बल्कि आर टी आई एक्टिविस्ट या 'व्हिसलब्लोअर्स' अथवा भ्रष्टाचार पर उंगली उठाने वालों को ही परेशानी उठानी पड़ सकती है ? ग़ौर तलब है कि पूर्व राजयपाल सत्यपाल मलिक द्वारा गत वर्ष अप्रैल-मई महीने में कई प्रमुख पत्रकारों,टी वी चैनल्स व यू ट्यूब मीडिया चैनल्स को साक्षात्कार दिये गए थे जिसमें मलिक ने पुलवामा हमले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्हीं साक्षात्कारों में सतपाल मालिक यह भी कह चुके हैं कि कश्मीर का राज्यपाल रहते उनके पास दो फ़ाइलें आई थीं. एक प्रोजेक्ट से आरएसएस के एक बड़े व्यक्ति जुड़े थे और एक प्रोजेक्ट से उद्योगपति मुकेश अंबानी। वे आरएसएस के उस बड़े व्यक्ति का नाम (राम माधव ) भी ले चुके हैं। परन्तु छापेमारी न तो अंबानी के किसी परिसर में हुई न ही राम माधव के किसी ठिकाने पर ? इसी तरह याद कीजिये दो वर्ष पूर्व अयोध्या में कथित ज़मीन घोटाले को लेकर आप सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ़्रेंस कर कई दस्तावेज़ी सुबूत पेश करते हुये विश्व हिन्दू परिषद् नेता चम्पत राय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। परन्तु आज, सांसद संजय सिंह तो किसी दूसरे मामले में जेल में हैं जबकि चम्पत राय राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य मेज़बान रहे हैं।यहाँ तक कि 22 जनवरी को अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला निमंत्रण देने का भी सौभाग्य उन्हीं को हासिल है ? राहुल गांधी अडानी के व्यवसाय सम्बंधित अनेक अनियमितताओं पर मुखरित होकर बोलने वाले देश के इकलौते साहसी नेता हैं। परन्तु उन की न केवल सांसदी छीनने की कोशिश की जा चुकी बल्कि और भी अनेक मुक़द्मों में उन्हें उलझाकर उनकी बुलंद आवाज़ को कमज़ोर करने की कोशिश की जा रही है। हैरत की बात तो यह है कि असम के जिस मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा के द्वारा राहुल गाँधी को उलझने की कोशिश हो रही है वह भाजपा में आने से पूर्व स्वयं भाजपा द्वारा सबसे भ्रष्ट बताये जाने वाले नेताओं में प्रमुख थे। इसी तरह अजित पवार एन सी पी में रहने तक महाभ्रष्ट थे परन्तु अब भाजपा के सहयोगी व महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद शायद उनसे बड़ा 'ईमानदार ' ही कोई नहीं ? अडानी व सत्ता के विरुद्ध संसद में जमकर बोलने वाली तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता तो जा ही चुकी अभी उन पर और भी शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है। ठीक इसी तरह सतपाल मलिक के जम्मू कश्मीर के राज्यपाल रहते उनके कार्यालय द्वारा रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड को जम्मू-कश्मीर में सरकारी कर्मचारी व स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का ठेका देने और एक निजी फ़र्म को किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सिविल कार्यों के संबंध में ठेका देने में अनियमितता के आरोप लगाये गये थे। इन मामलों में वित्त विभाग, बिजली विकास विभाग और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से रिपोर्ट मांगी गई थी। इन रिपोर्टों पर विचार करने के बाद इन मामलों को जांच के लिए सीबीआई को भेजने व सीबीआई से इन मामलों की जांच करने का अनुरोध किया गया था। परन्तु न अम्बानी से कोई पूछताछ न ही बिचौलिये व दलाली करने वालों से कोई सवाल ? उल्टे आरोपी संघी नेता की ओर से ही कथित तौर पर सतपाल मालिक के ख़िलाफ़ ही मान हानि का दावा किये जाने की ख़बर आई थी। और अब सतपाल मालिक के ठिकानों पर की गयी सी बी आई की छापेमारी के बाद फिर वही सवाल बलवती हो रहा है कि आख़िर भारत में बढ़ते भ्रष्टाचार के मध्य निशाने पर 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' ही क्यों हैं भ्रष्टाचारी क्यों नहीं ?

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आप माता-पिता के साथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग काफी प्रभावित हो सकते हैं। किसी शुभ काम में नए लोगों से मदद मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में आपसी विश्वास के सहारे रिश्ते में मजबूती आएगी। आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आपको कोई नया आइडिया मिलेगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। शाम को पार्टी करेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियोंसे भरा रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का पेंडिंग काम आज पूरा हो जाएगा। बॉस आपका प्रोत्साहन करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए विदेश जाने का मौका मिल सकता है। सामाजिक स्तर पर आपका रुतबा बढ़ेगा।

कर्क राशि-आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आप किसी काम के लिए नई योजना पर विचार कर सकते हैं। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। व्यर्थ के झगड़े में पड़ने से आपको बचना चाहिए। प्राइवेट नौकरी करने को कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। उचित दिशा में मेहनत करने से आप उसे समय पर पूरा करने में सफल रहेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यों की तरफ लगा रहेगा।लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। माता-पिता अपने बच्चों को मनोरंजन के लिए शाम को बाहर घूमाने ले जा सकते हैं। महिलाएं अपने किसी काम की प्लानिंग कर सकती हैं। किसी मामले पर बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम बरतना चाहिए।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और भी मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। आपको काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा योगदान मिलेगा। आज आपको व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज किसी घर के काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है,आप दोस्त की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है। पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सकती है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। दांपत्य रिश्ते में भी मधुरता बनी रहेगी। आज बेवजह की उलझनें जीवन से अपने आप दूर हो जाएंगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर रिश्ते स्थापित होंगे साथ ही घरेलू कार्यों में भी आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी। किसी नए प्रोजेक्ट में मित्रों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाने की प्लानिंग बनाएंगे।

मकर राशि-आज का दिन खास पल लेकर आया है। आज बिजनेस में आपको फायदा होगा। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आप शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में कुछ बड़े बदलाव होने की संभावना है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज कोई अधूरा काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है,जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। लवमेटस के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से कुछ लोग प्रभावित होंगे, सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी। आपको धन लाभ के कई मौके मिलेंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा। घर पर बच्चों के लिए पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

**व्यंग्य**

# कभी आएगा राजनीति का पतझड़ ?

डॉ सूर्यकांत मिश्रा



कहा जाता है कि दुनिया में कुछ चीज शाश्वत हुआ करती हैं । मसलन जो इस दुनिया में आया है वह हर हाल में एक दिन जाएगा ही । बच्चों से युवा और फिर बुजुर्ग भी इसी की कड़ी है । हम यह देख रहे हैं कि मनुष्यों में आत्मा ही सब कुछ होती है जब तक आत्मा है तब तक जीवन है । आत्मा नहीं तो राम नाम सत्य है ...। कुछ आत्माएं इस दुनिया में बुढ़ापे से डर कर नेता का चोला पहने लगी हैं ! कारण यह की हिंदुस्तान का नेता कभी बूढ़ा नहीं होता ! यदि वह इस चोले को छोड़ना भी चाहे तो उसके चेले उसे ऐसा करने नहीं देते हैं ! यह भी शाश्वत सत्य है कि हर पेशे अथवा नौकरी के बाद एक पड़ाव ऐसा भी आता है जिसे रिटायरमेंट अर्थात सेवानिवृत्ति कहा जाता है । मजाल है भारतीय राजनीति में सेवानिवृत्ति प्रवेश कर जाए ? नेता कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता ! मानवीय जीवन में जिस उम्र को रिटायरमेंट की उम्र माना जाता है उस उम्र में तो नेताजी के शरीर में युवापन की कोपलें फूटती रहती हैं ! सीधे शब्दों में कहूं तो हमने किवदंति के रूप में कल्पतरु का नाम सुना है । हमारे धर्म - ग्रंथो में भी इसका वर्णन है । ठीक इसी तरह राजनीति के माहिर नेता भी खुद को कल्पतरु समझ बैठे हैं ! अब यह बात अलग है कि कल्पतरु के नीचे बैठकर जो मांगो वह मिलता है , किंतु नेतागणों की छाया के नीचे बैठकर भी सूखे गले को तर नहीं किया जा सकता है ! वास्तव में देखा जाए तो राजनीति का पतझड़ कभी नहीं आता ! हमने बड़े-बड़े वृक्षों को बसंत के मौसम के बाद पतझड़ में पत्तों को छोड़ते देखा है । एक समय ऐसा आता है जब पेड़ में केवल टहनियां ही दिखाई पड़ती है , किंतु हमारी राजनीति रूपी वृक्षों में पतझड़ कभी नहीं आता ! शायद इसीलिए कहा जाता है की राजनीति चर्चाओं में बने रहने का खेल है , जो नेता को सदैव चिर-यौवन प्रदान करती रहती है ! जहां नेता की चर्चा होना बंद हुआ , समझ लो गई भैंस पानी में । अपना महत्व तगड़ा दिखाने के लिए एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने का धौंस दिखाना भी सधे हुए नेता का अदृश्य गुण है ! पार्टी छोड़ने का स्वांग रचने वाले नाथों को भी जब यह पता चल जाता है कि वह किसी अन्य सरोवर का कमल नहीं बन सकते हैं , तब यह जताते हुए कि उनकी सुरमाई पुरानी पार्टी को समझ में आ गया है । वह जहां है वहीं बने रहते हैं । राजनीति का एक सिद्धांत यह भी है कि कई-कई वर्ष तक एक ही पार्टी में रहने के बाद अपनी पूछ- परख बढ़ाने के उद्देश्य से पाला बदलना , दगा करना नहीं , वरन पतझड़ के बाद नए खिले पत्तों के रूप में वृक्ष की शोभा बढ़ाना ही है । राजनीति के गलियारे में यदि नजरे दौड़ाई जाएं तो ऐसे कई नेता मिल जाएंगे जिन्होंने एक दो बार नहीं कई-कई बार दल बदले हैं ! उनकी आत्मा वही है , केवल चोला बदल गया है ! ऐसे लोग यह भलीभांति जानते हैं की पार्टी की सदस्यता बाहर से पहने जाने वाले वस्त्र की तरह ही है । भीतर से तो कुर्सी की आराधना ही एकमात्र लक्ष्य है !

वर्तमान राजनीति में नेताजी शाश्वत होते हैं , तो उनके मुद्दे भी सदाबहार होते हैं । मसलन नेतागण दशकों से गरीबी , भ्रष्टाचार और बेरोजगारी खत्म करने के वादे करते रहे हैं , किंतु वह मसले आज भी जस के तस मौजूद हैं ! वास्तव में यह मसले ही वह ताकत है जिनकी बदौलत नेताजी की राजनीति परवान चढ़ रही होती है ! देखा जाए तो नेतागिरी का फूल चुनाव नामक बगिया में ही मिला करता है । चुनावी बयार ही वह दम रखती है जो नेताओं का पतझड़ तय करती है । हमने अभी तीन माह पूर्व ही ऐसी चुनावी हवा को तांडव करते देखा है । इस तांडव में खुद को मजबूत स्थिति में खड़ा वृक्ष समझने वाले न जाने कहां उड़ गए ? दूसरी ओर ऐसों ने प्रभुत्व स्थापित कर लिया , जिन्हें चुनावी चश्मा नहीं देख पा रहा था ! शाश्वत राजनीति अब दल के रूप में नहीं वरन दलदल के रूप में देखी जा रही है ! हारना- जीतना , जितना शाश्वत है , उससे अधिक शाश्वत है - हार पर मंथन करना । इस बार भी जिन्होंने जीतने का दंभ भरा था , उन्हें शायद यह नहीं पता था कि हार के बाद का घाव किस तरह टीस पैदा कर सकता है ? जो जनता को चुनाव के बाद झटका देने की सोच रहे थे , उन्हें जनता ने पहले ही झटक दिया ! ऐसे ही घाव से द्रवित एक नेता मुझे मिल गए । मैं उनसे कुछ पूछने ही जा रहा था कि शायद उन्होंने मेरा मंतव्य भांप लिया और गुनगुनाने लगे - राजनीति की यही रीत है... हार के बाद ही जीत है... ! मैंने भी तीर छोड़ा और नेताजी से कहा - वाह ! डैट्स स्पिरिट करारी हार के बाद भी आपका हौसला ठीक उसी तरह जीवित है , जिस तरह कोरोना से अप्रभावित आम आदमी !

मेरी बात पर अधरुआंसे - अध मुस्कुराते , नेताजी ने कहा - आप ठीक कह रहे हैं । जनता के लिए हम महामारी सिद्ध हो चुके हैं । जनता समझती है कि चुनाव हार कर हम उनकी जिंदगी से निकाल लिए , किंतु यह सत्य नहीं है ! हम इस जनता के साथ दीमक की तरह चिपके रहेंगे ! यदि हमने जनता का साथ छोड़ दिया तो , फिर काला - सफेद धन हमारा साथ छोड़ देगा , जो हमें स्वीकार नहीं ! आज हम चुनाव में हारे जरूर हैं , किंतु जनता का दिल तो हमने ही जीता है ! वैसे भी हम कोई पहली बार तो हारे नहीं है और न आखरी बार । तो फिर हाय तौबा क्यों ? उन्होंने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए एक शातिर की तरह हंसते हुए कहा- बड़ी बात यह नहीं कि हम चुनाव हार गए । बड़ी बात तो यह है कि हम यह मानने को तैयार नहीं कि हमें जनता ने हरा दिया है ! यह हार साजिश है , हमारे खिलाफ। हो न हो इसमें पश्चिमी-विक्षोभ और ईवीएम विक्षोभ का घाल - मेल है ! हमसे विदा लेते-लेते नेताजी ने पवित्र ग्रंथ गीता की तर्ज पर यह कहने से परहेज नहीं किया - कर्म ही तुम्हारा अधिकार है , उसके फलों पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं तो जिस चीज पर अधिकार नहीं , उसे हम क्यों मानें ? कोई जीते.. कोई हारे ... हम तो अपना हिस्सा खींच ही लेते हैं !

# भारी तबाही के बाद फैसला पलटे मीलार्ड !

**मणिपुर**

मनोज कुमार अग्रवाल



उच्चन्यायालय के एक फैसले से उपजे तनाव के बाद मणिपुर में हिंसा का दौर शुरू हुआ था अब मीलार्ड ने अपना फैसला पलट दिया है लेकिन क्या दो. समुदायों के बीच पैदा तनाव हिंसा और अविश्वास को आसानी से नियंत्रित किया जा सकेगा इस में सन्देह है। मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा का सिलसिला जारी है। मणिपुर में 3 मई 2023 से रह-रहकर हो रही हिंसा के बीच अब मणिपुर उच्च न्यायालय ने बुधवार 21 फरवरी 2024को अपना ही आदेश पलट दिया। उच्च न्यायालय ने मणिपुर सरकार को पिछले साल दिए गए अपने निर्देश को वापस ले लिया है। दरअसल, मैतेई समुदाय को एसटी सूची में शामिल नहीं करने वाले उच्च न्यायालय के निर्देश के कारण मई 2023 में राज्य में दंगे भड़क उठे थे। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की सिफारिश करने को कहा था। इसके विरोध में जनजातीय कुकी समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और हिंसा शुरू हो गई। अदालत ने अब अपने पहले के आदेश को संशोधित किया है और राज्य सरकार को दिए गए निर्देशों को हटा दिया गयापिछले कुछ दिनों से शांति का माहौल बना हुआ था। मणिपुर उच्च न्यायालय ने मार्च 2023 में दिए गए फैसले के उस पैरा को हटाने का आदेश दिया है जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने पर विचार करने को कहा गया था। अदालत ने कहा कि यह पैरा उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा इस मामले में रखे गए रुख के विपरीत है।उच्च न्यायालय द्वारा 27 मार्च, 2023 दिए गए निर्देश को राज्य में जातीय संघर्ष के लिए उत्प्रेरक माना जाता है। इस संघर्ष में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई।

मणिपुर में चरमराई कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर हिंसा की वारदातों के पीछे क्या वजह है? क्यों पिछले आठ महीनों से यहां हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है?सवाल है कि अदालत ने करीब एक साल से चल रहे जातीय संघर्ष में भारी जान माल के नुकसान के बाद अपना फैसला पलटा क्या यह कदम पहले नहीं उठाना चाहिए था?

मणिपुर भारत के पूर्वोत्तर में स्थित राज्य है। भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों को 7 सिस्टर्स या 7 बहनें भी कहा जाता है। मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगती है। यहां अनुमानित 33 लाख लोग रहते हैं। जिसमें आधे से अधिक मैतेई समुदाय के लोग निवास करते हैं, जबकि लगभग 43 फीसदी कुकी और नगा समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो प्रमुख अल्पसंख्यक जनजातियां मानी जाती हैं। मणिपुर में इस साल मई में दो समुदाय बहुसंख्यक मैतेई और अल्पसंख्यक कुकी के बीच हिंसक झड़प देखने को मिली। इस हिंसा में अब तक कम से कम 130 लोग मारे गए हैं और 400 लोग घायल हुए हैं। हिंसा को रोकने के लिए सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस के संघर्ष के कारण 60,000 से अधिक लोगों को अपने घरों से दूसरी जगहों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।बार बार आपसी झड़पों के दौरान दोनों समुदायों ने कई जगहों पर तोड़फोड़ की और कई पुलिस थानों से हथियार भी लूट लिए। हिंसक झड़प के दौरान सैकड़ों चर्च और एक दर्जन से अधिक मंदिरों को भी तोड़ दिया गया और कई गाँव में आग लगा दी गई।

मणिपुर में बीती 19/20 जनवरी को अलग-अलग जगह पर हुई हिंसा में पांच नागरिकों समेत दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। इसमें से एक मामला विष्णुपुर ज़लि का है. यहां संदिग्ध हथियारबंद चरमपंथियों ने एक पिता-पुत्र समेत चार लोगों की हत्या कर दी। मरने वाले लोगों की पहचान थियाम सोमेन सिंह,ओइनम बामोइजाओ सिंह, उनके बेटे ओइनम मनितोम्बा सिंह और निंगथौजम नबादीप मैतेई के रूप में की गई है। पिछले दिनों इंफाल पश्चिम ज़लि के कांगचुप में हमलावरों ने एक मैतेई बहुल गांव के ग्राम रक्षक की हत्या कर दी. वहीं संदिग्ध चरमपंथियों ने टैंगनोपल ज़लि में म्यांमार सीमा से सटे मोरेह शहर में सुरक्षाबलों पर हमला किया था. इसमें पुलिस के दो



जवानों की मौत हो गई थी। मणिपुर में इतने दिनों से चल रही हिंसा में अब वहां का समाज, यहां तक कि प्रशासन भी दो हिस्सों में बंट चुका है। मैतेई इलाकों में कुकी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकती और न कुकी बहुल इलाकों में मैतेई सुरक्षाकर्मियों की।मणिपुर हिंसा को शुरू हुए नौ महीने बीत गए, मगर अभी तक कहीं से भी ऐसा नहीं लगता कि उस पर काबू पाने में सफलता हासिल की है । आए दिन वहां हिंसा भड़क उठती है और लोग मारे जाते हैं। अब भी पुलिस थानों, विशेष बलों की चौकियों पर हमला कर भीड़ हथियार लूट ले जाती है और सुरक्षाबल उस पर काबू पाने में विफल नजर आते हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी इंफल जिले के विशेष बल के शिविर में घुस कर भीड़ ने कई अत्याधुनिक हथियार और गोले-बारूद लूट लिए। इस घटना के बाद सात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।हालांकि लूटे गए हथियार और गोला-बारूद भी बरामद कर लिए गए हैं। निस्संदेह इससे सुरक्षाबलों की मुस्तैदी का पता चलता है, मगर इस घटना में उजागर हुए अन्य तथ्य ज्यादा चिंता पैदा करने वाले हैं। दरअसल, एक पुलिसकर्मी को एक उपद्रवी समूह में शामिल देखा गया था, जिसके चलते उसे निलंबित कर दिया गया। उसके निलंबन के खिलाफ भीड़ उग्र हो गई और थाने पर हमला कर दिया। वह उसका निलंबन वापस लेने की मांग कर रही थी। इससे एक बार फिर जाहिर हुआ है कि जिन लोगों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही उपद्रवियों का सहयोग कर रहे हैं। देश के प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध राज्य मणिपुर में लम्बे समय से चल रही हिंसा में अब वहां का समाज, यहां तक कि प्रशासन भी दो हिस्सों में बंट चुका है। मैतेई इलाकों में कुकी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकती और न कुकी बहुल इलाकों में मैतेई सुरक्षाकर्मियों की। जब कुकी महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार और उन्हें नंगा घुमाने का वीडियो सामने आया था, तब भी यह तथ्य उजागर हुआ था कि उन महिलाओं को सुरक्षाकर्मियों ने ही भीड़ के बीच ले जाकर छोड़ दिया था। सुरक्षाकर्मियों के भीतर से जब इस तरह किसी समूह की हिंसा को समर्थन मिलने लगे, तो वहां शांति प्रयासों को गति मिलना मुश्किल हो जाता है।

आपको बता दें कि मणिपुर में लगातार अराजकता बढ़ रही है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि सुरक्षाबलों के शिविरों, शस्त्रागारों आदि पर हमला बोल कर हथियार लूटने की घटनाओं के पीछे ऐसे ही समर्थक सिपाहियों अधिकारियों की शह रही हो। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से इब तक हथियार लूटने की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं और उनमें बड़े पैमाने पर हथियार लूटे जा चुके हैं। उनमें से बहुत सारे हथियारों की बरामदगी अब तक नहीं हो सकी है। जाहिर है, उनका उपयोग हिंसा में हो रहा है।

सवाल यह है कि मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए कोई मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई जाती, इस दिशा में किसी सकारात्मक नतीजे की उम्मीद धुंधली ही बनी रहेगी। मगर अभी तक तो न केंद्र की तरफ से और न राज्य सरकार की तरफ से ऐसा कोई कदम उठाया गया है, जिससे जाहिर हो कि वे इसे रोकने को लेकर सचमुच गंभीर है। केंद्र सरकार को आम चुनाव से पहले मणिपुर के हालात सुधारने के लिए उच्च न्यायालय के अपने पहले के आदेश को पलटना कुछ मरहम का काम करेगा लेकिन दोनों समुदाय के बीच प्रेम व सामाजिक विश्वास कायम करने के लिए घनीभूत प्रयास करना होगा क्योंकि इस नौ महीने के संघर्ष में अविश्वास और घृणा की एक गहरी खाई बन गयी है जिसे भरने में दशकों लग सकते हैं।

# वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ रहा भारतः केदार कश्यप

## 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस, डिजिटल नवाचार से वन्य जीवों का होगा सरंक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर 26 फरवरी।** वनमंत्री व नारायणपुर विधानसभा के विधायक केदार कश्यप ने रविवार को नारायणपुर विधानसभा अंतर्गत भाजपा मंडल भानपुरी के गांव सोनारपाल के परिवारजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। मंत्री कश्यप ने मन की बात के 110वें संस्करण सुनने के बाद कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। वन्य जीवों को बचाने टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। वहीं आज देश में ड्रोन दीदी की चर्चा हो रही है। महिलाएं प्राकृतिक खेती कर रही है। पीएम मोदी जी ने देशवासियों से कहा कि ÷कुछ दिनों बाद 8 मार्च को हम महिला दिवस मनाएंगे। यह विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को प्रणाम करने का अवसर है। महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी-शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता। केमिकल से हमारी धरती मां को जो कष्ट हो रहा है, जो पीड़ा हो रही है, जो दर्द हो रहा है, हमारी धरती मां को बचाने में देश की मातृशक्ति बड़ी भूमिका निभा रही हैं। देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। वन्य जीवों के साथ बिठाया जा रहा तालमेल मन की बात कार्यक्रम को लेकर वनमंत्री केदार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी छोटी से छोटी बातों का सूक्ष्म अवलोकन करते हैं। ÷आज हम सबके जीवन में तकनीक का महत्व बहुत बढ़ गया है। मोबाइल फोन, डिजिटल गैजेट्स हम सबकी ज़िन्दगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब वन्य जीवों के साथ तालमेल विकसित करने में मदद मिल रही है। कुछ दिन बाद, 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस है। इस दिन को वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व वन्य जीव दिवस की थीम में डिजिटल नवाचार को सर्वोपरि रखा गया है। जल संरक्षण के लिए चौतरफा प्रयास कर रही महिलाएं, देशवासियों के प्रेरणा मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि पीएम मोदी ने कहा, देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं।

आज अगर देश में जल जीवन मिशन के तहत इतना काम हो रहा है तो इसके पीछे पानी समितियों की बहुत बड़ी भूमिका है। इस पानी समिति का नेतृत्व महिलाओं के ही पास है। इसके अलावा भी बहनें-बेटियां, जल संरक्षण के लिए चौतरफा प्रयास कर रही हैं।÷ कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी, लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। एक बहुत बड़ी जिज्ञासा पैदा हुई है। ड्रोन की मदद से वन्यजीव संस्थान में मिल रहा काफी मदद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷आज युवा उद्यमी भी वन्य जीव संरक्षण और पारिस्थितिकी पर्यटन के लिए नए-नए नवाचार सामने ला रहे हैं। उत्तराखंड के रुड़की में रोटर प्रिसिशन ग्रुप ने भारतीय वन्यजीव संस्थान के सहयोग से ऐसा ड्रोन तैयार किया है, जिससे केन नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है। इसी तरह बेंगलुरु की एक कंपनी ने बघीरा और गरुड़ नाम का ऐप तैयार किया है। बघीरा ऐप से जंगल सफारी के दौरान वाहन की गति और दूसरी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। देश के कई टाइगर रिजर्व में इसका उपयोग हो रहा है। AI और इंटरनेट पर आधारित गरुड़ ऐप को किसी CCTV से जोड़ने पर वास्तविक समय की चेतावनी मिलने लगती है। वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में इस तरह के हर प्रयास से हमारे देश की जैव विविधता और समृद्ध हो रही है।

## एक नजर

### आचार्य विद्यासागर को श्रद्धांजलि

**रायपुर, 26 फरवरी।** जैन युवा महिला मंडल की बैठक चंद्रकान्ता बरलोटा के तत्वावधान में हुई जिसमें वरिष्ठ संरक्षिका कमला देवी चोपड़ा के सानिध्य में जैनाचार्य विद्यासागर महाराज को उपस्थित महिलाओं ने कुमारी काजल द्वारा प्रस्तुत चौबीस तीर्थंकरों की स्तुति के पाठ 'लोगस्स' का ध्यान कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस प्रसंग पर कुमारी माधुरी जैन ने एक भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ललिता दफ्तरी, चंचल मुकीम, सरिता आच्छा, लीला देवी बैद, शीला खटोर, लीला बोथरा, सूरज वैद, रेखा कोटड़िया, किरण देवी बरलोटा, सुधा मुकीम, किरण सिंधी, अर्चना बैद, चन्द्रकाना बरलोटा एवं शकुंतला सिंघवी के अलावा अनेक महिलाओं ने भाग लिया।

### 6 डिवीजनों के मीटर रीडरों ने पदाधिकारी का चुनाव किया

**रायपुर, 26 फरवरी।** स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारी महासंघ के रायपुर जिला स्तर पदों का चयन किया गया जिसमें रायपुर जिला के 6 डिवीजनों के मीटर रीडरों द्वारा पदाधिकारी का चुनाव किया गया। सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिये राजेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंग राजपूत, सचिव किशोर चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज कौशिक व मुजफर अली, उपसचिव भीम चंद्राकर, मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा व विकास गोस्वामी व अजाम्बर ताण्डी, संगठन मंत्री प्रवीण साहू व नवीन सिंहा, सलाहकार नरेन्द्र वर्मा व संतोष धीवर, कार्यालय मंत्री कृष्णा निषाद, प्रमोद मिश्रा, मुकुश फुण्डे, शत्रुघन सिन्हा चुने गए।

### ओरछा पुलिस ने की झाड़ियों में दबे शिवलिंग की सफाई, रंगाई-पुताई कर ग्रामीणों के लिए बनाया पूजास्थल



**नारायणपुर 26 फरवरी।** नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के ओरछा थाना में तैनात पुलिस बल नक्सलियों से लोहा लेने के साथ ही सामाजिक दायित्व का निर्वहन भी कर रही है । ओरछा थाना प्रभारी रितेश यादव को जानकारी मिली की ओरछा के साप्ताहिक बाजार के पास की टेकरी में शिवलिंग की देखरेख नही होने के चलते वहा पर झाड़ियां और कचरे का ढेर हो गया । जिसे थाना प्रभारी रितेश यादव , सीएएफ कंपनी कमांडर चिंता मणि खुटे ,साहू डडसेना डीआरजी कमांडर ध्रुव , आंचला, पाटिल सहित डीआरजी, थाना के जवानों ने साफ सफाई करने के साथ ही रंगाई पुताई करके पूजा अर्चना कर स्थल को ग्रामीणों के लिए बनाया । थाना प्रभारी रितेश यादव ने कहा कि ओरछा पुलिस सामाजिक दायित्व निभाते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को दूर कर सभी के साथ मधुर संबंध स्थापित कर कार्य कर रही है वही ओरछा जैसे दूरस्थ अंचल के ग्रामीण भी पुलिस के साथ मिलकर अपने इलाके के विकास में सहभागिता निभा रहे है।

### महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को आधार नंबर सक्रिय कराने कहा गया

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 फरवरी।** महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले ऐसे हितग्राही जिनके आधार नंबर सक्रिय नहीं हैं, उन्हें नजदीकी आधार केंद्र से संपर्क करके अपने आधार नंबर को सक्रिय कराने कहा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा है कि इसी तरह कुछ हितग्राहियों के आधार नंबर उनके बैंक खातों से लिंक नहीं हैं वह भी आवेदन में जिस बैंक खाते का उल्लेख किया है, उस बैंक खाते से भी शीघ्र ही लिंक करा लें ताकि योजना अंतर्गत निर्धारित राशि सुगमतापूर्वक उनके खाते में सीधे हस्तांतरित किया जा सके। ऐसे आवेदकों की सूची आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास के पास उपलब्ध है। पात्र हितग्राही उनसे संपर्क करके अपने आधार नंबर की स्थिति एवं बैंक खातों से लिंकिंग की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 26 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर को उनकी पुण्यतिथि 26 फरवरी पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि वीर सावरकर भारत के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, इतिहासकार, लेखक-कवि, राजनेता और विचारक थे। देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। मातृभूमि की सेवा में समर्पित उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।

### आस्था स्पेशल ट्रेन से रामभक्त रवाना हुए अयोध्या धाम

**रायपुर, 26 फरवरी।** श्रीरामलला के दर्शन को लेकर गांव से लेकर शहरों में उत्साह का माहौल है। संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज को राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से रामभक्तों को अयोध्या धाम लेकर जा रही 'आस्था' स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थे संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन करना लोगों के जीवन का एक अविस्मरणीय पल है। वे लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं प्रभु के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव को छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन का प्रबंध करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आस्था ट्रेन लोगों की भावनाओं का प्रकटीकरण है। अयोध्या धाम जा रहे प्रत्येक श्रद्धालुओं में खुशी है कि वह अयोध्या जाकर वहां 500 सालों के बाद बने राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। उन्होंने बताया कि, इस ट्रेन से लगभग 1300 राम भक्त अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन लाभ लेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधाओं की ख्याल रखा गया है।

# कोंटा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीपा पुनेम बनी चैम्पियन ऑफ चेंज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंटा 26 फरवरी।** जिले मे कलेक्टर हरिश एस एवं सभी अधिकारीगण के माध्यम से निर्मल आंगनवाड़ी अभियान 20 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक शुभारंभ किया गया जिसमे सुकमा जिले कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रो मे स्वच्छता से शिक्षा कि और का संदेश दिया गया जिसमे एस्पिरेशनल भारत कॉलेबोरेटिव नीती आयोग के सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आंगनवाड़ी सुपरवाझर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, सचिव,वार्ड पंच,बचत गट कि दीदियो के साथ मिलकर काम किया गया। इस अभियान मे 642 आंगनवाड़ी केंद्रो को सुशोभित और स्वछ बनाकर बच्चों कि शिक्षा मे सकारात्मकता लाने का प्रयास किया गया है। मैं दीपा पुनेम दुब्बाटोटा केंद्र क्रमांक 2 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हूं, मैंने बचपन में एचसीडीसी मिशन स्कूल दुब्बाटोटा से ड्राइंग और पेंटिंग कौशल सीखा है। मेरे हाई स्कूल समय में कक्षा में और स्कूल परिसर में ड्राइंग और पेंटिंग करना मेरा शौक था। लंबे समय के बाद जिला प्रशासन अभियान द्वारा निर्मल आंगन अभियान में मेरे आंगनबाडी केंद्र को साफ सुथरा, सजाना का मौका मिला। इस अभियान से पहले मेरा केंद्र अशुद्ध था और चीजें उचित तरीके से नहीं रखी गई थीं और सजावट भी नहीं थी। निर्मल अभियान के माध्यम से मैंने अपने केंद्र को साफ-सुथरा बनाया है, सबसे पहले हम इसे सजाएंगे बच्चों के लिए अंग्रेजी और हिंदी वर्णमाला, फूलों और फलों के नाम, महीनों और हफ्तों के नाम, संख्याएं और आकार और अन्य आवश्यक चीजें बनाना शुरू कर दिया। टाइलास पेय मुख्य केंद्र कमरे में मैंने एक बड़ा वृत्त बनाया है, उसमें एक फूल बनाकर एक से लेकर तैंतीस तक की संख्याएँ लिखें, इससे बच्चे पढ़ और सीख सकते हैं। जिला प्रशासनिक निर्मल अभियान के कारण, मैंने अपने आंगनवाड़ी केंद्र को अच्छी तरह से सजाया और साफ-सुथरा बनाया है, जिससे बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है और बच्चे केंद्र में समय का आनंद ले रहे हैं। दुब्बाटोटा गांव में चार आंगनवाड़ी केंद्र हैं, मैंने अपने आंगनवागड़ी कार्यकर्ताओं को उनके केंद्रों को ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से साफ-सुथरा बनाने में मदद की है। मेरे केंद्र को अच्छे से सजाने और साफ सुथरा बनाने के लिए निर्मल आंगन अभियान में यह अवसर देने के लिए मैं जिला प्रशासन और आकांक्षी भारत सहयोगी पीरामल फाउंडेशन टीम को धन्यवाद देता हूं! मेरे इस कार्य के दरम्यान मेरे पर्यवेक्षिका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी प्रेरित हुए और इस अभियान के कार्य को देखते हुए जिला आधिकारी खुश होकर महिला बाल कल्याण विभाग,जिला पंचायत विभाग ने इसकी निव भरी और हर मंगलवार को आंगनवाड़ी मे निर्मल आंगनवाड़ी दिवस मनाया जाएगा और उसमे गाव के सभी लोग सहभागी होगे!

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने महिला शिखर सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की

**रायपुर 26 फरवरी।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द ओझा प्रदेश व महिला अध्यक्ष श्रीमती नमिता शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को शाम 4 बजे से होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई. इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द ओझा ने महिला शिखर सम्मान के विषय में बताया की प्रतिवर्ष अनुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की विप्र महिलाओं को मंच प्रदान करने हेतु वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा रविवार, दिनाँक 10 मार्च 2024 को वृंदावन हॉल, सिविल लाईन्स, रायपुर में दोपहर 3 बजे से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से विभिन्न विधाओं में ख्यातिलब्ध विप्र शक्ति का महिला शिखर सम्मान कार्यक्रम रखा गया है. इस सम्मान हेतु चयनित विप्र महिलाओं को शाल, सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा. महिला अध्यक्ष श्रीमती नमिता शर्मा ने बताया कि महिला शिखर सम्मान हेतु योग्य इच्छुक महिलाओं की जानकारी दिनाँक 1 मार्च, 2024 तक व्हाट्सएप के माध्यम से मंगाई गयी है, प्राप्त प्रविष्टियों में से चयन समिति द्वारा नाम चयनित कर संबंधित को सूचना दी जाएगी. प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश रिझारिया के प्रस्ताव पर सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्रीमती प्रीति दास मिश्रा को महिला शिखर सम्मान कार्यक्रम का संयोजक मनोनीत कर कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गयी. इस बैठक के आयोजक त्रिभुवन नाथ तिवारी जी एवं वीणा ठाकुर जी थे जिनके द्वारा अंत में आभार प्रदर्शन किया गया. बैठक में प्रमुख रूप से सुनील ओझा, गिरजा शंकर दीक्षित अभिषेक त्रिपाठी, राम तिवारी, राजेश दीक्षित, अर्चना तिवारी, राकेश तिवारी, वसुधा तिवारी, सुदर्शन दीक्षित, अनीता राव, गीतिका झा, नरहरि होता, अभिलाषा दुबे, रमाकांत दुबे, सुनीता शर्मा, रीता तिवारी आदि उपस्थित थे।



## क्रिएटर्स ने दिखाया जोश

**रायपुर, 26 फरवरी।** राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन के ऑडिटोरियम में लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर्स मीट अप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के जाने-माने सैकड़ों क्रिएटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव और आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने किया। कार्यक्रम में 270 से अधिक क्रिएटरों ने भाग लिया। जनसंपर्क विभाग के द्वारा अलग-अलग कैटेगरी में बेहतर कंटेंट के लिए 14 लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव ने कहा, कि इस मीटअप का उदेश्य सरकार और नागरिकों के बीच एक सेतु बनाना है, खासतौर से क्रियेटिव लोगों के बीच। हम लोगों ने क्रिएटर मीट अप आयोजन इसलिए किया है ,क्योंकि आप लोगों की क्रिएटिविटी एक ऐसा माध्यम है, जिससे आप आम आदमी तक और ऐसे इलाकों में जहां पर प्रशासन नहीं पहुंच पाते है। मीटअप में सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया का महत्व, नई सरकार से युवाओं की उम्मीदें, सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर राय शुमारी की गई। कार्यक्रम में आईएएस डॉ अय्याज फकीरभाई तंबोली ने शासन में सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। इसी तरह आईपीएस अंकिता शर्मा ने सोशल मीडिया पर साइबर कानूनों के प्रभाव पर जानकारी साझा की।

## 8 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत पहली किस्त की राशि महिलाओं के खातों में जमा की जाएगी

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवीनीकृत राशन कार्ड वितरण कार्य का किया शुभारंभ

**रायपुर 26 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर में नवीनीकृत राशन कार्ड वितरण के जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया। आज वितरित नए राशन कार्ड से 1 मार्च से उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न मिलेगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बिलासपुर शहर सहित तखतपुर एवं बिल्हा विकासखंड के 50 से अधिक महिला हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरित कर शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि आगामी 8 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत पहली किस्त की राशि महिलाओं के खातों में जमा की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जब से नई सरकार बनी है, तब से मोदी जी की गारण्टी के अनुरूप जनहित में बड़े-बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। नई सरकार के गठन के 13 दिन बाद हमने 25 दिसम्बर को किए गए वादे के अनुरूप 3716 करोड़ की राशि किसानों के खातों में डाली। इन योजनाओं से लोगों की आमदनी बढ़ी है और उनके जीवन स्तर में बदलाव परिलक्षित हो रहा है। बिलासपुर के कलेक्टर श्री अवनीश शरण, नगर निगम के आयुक्त श्री अमित कुमार और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्री राजेश सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस दौरान मौजूद थे।



उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिले में पांच लाख 38 हजार 311 राशन कार्ड हैं। इनमें से अब तक चार लाख 55 हजार कार्ड नवीनीकृत हो चुके हैं। वहां कुल राशन कार्ड के 85 प्रतिशत का नवीनीकरण किया जा चुका है। राज्य सरकार ने बचे हुए हितग्राहियों को मौका देते हुए आगामी 15 मार्च तक नवीनीकरण की तिथि बढ़ा दी है। नए राशन कार्ड के मुख पृष्ठ पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल के फोटो हैं। कार्ड में वन नेशन वन राशन कार्ड, ईपॉश मशीन, लोक सेवा गारण्टी-2011, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, फोर्टिफाईड चावल, शिकायत एवं निवारण संबंधी जानकारी शामिल हैं।

## समाचार संक्षेप

### लाइव बैंड के साथ सिंगरों की गायकी पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



**रायपुर 26 फरवरी।** धुन फाउंडेशन की पहली बार सुरमयी प्रस्तुति 'जीत जाएंगे हमज' रविवार की शाम शहीद स्मारक भवन में हुई जिसमें छत्तीसगढ़ की नामचीन 'डॉल्फिन बैंड',भिलाई के डायरेक्टर यश यदु के संगीत निर्देशन में ऐसी गायकी प्रस्तुत की दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। हर प्रस्तुति पर शहीद स्मारक भवन का पूरा ऑडिटोरियम दर्शकों की तालियों से गुंजता रहा। धुन फाउंडेशन के डायरेक्टर अजय अडवानी ने बताया कि इसमें अजय आडवानी,राजुल दवे,महेश शर्मा, बाबूलाल प्रजापति,राजेश सिंह,अरश जग्गी,जगदीश दुबे, रविन्द्र सिंह दत्ता,पप्पू दुल्हानी,गौतम देवनानी,ऋतु श्रीवास्तव,ने अपनी गायकी की जलवा बिखेरा। मंच संचालन आकाशवाणी रायपुर के वरिष्ठ उद्घोषक दीपक हटवार ने अपने चिर परचित अनोखे अंदाज में कर दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रखा गया था। इन गीतों की हुई प्रस्तुति - जाने जां ढूंढता फिर रहा.., जिंदगी कैसी है पहेली हाय..,ए मेरी जोहरा जबींज, तेरे संग प्यार मैं, नहीं तोड़ना .., पल पल दिल के पास.., इतना तो याद है मुझेज, हमें और जीने की चाहतज, न तुम हमें जानों न हम तुम्हें जाने..,ये रात भीगी भीगी ये मस्त फजाए.., है अपना दिल तो आवाराज, के पग घुंघरू बांध मारा नाची थी.., आज रपट जाए तो हमें न उठइयो..,सुहाना सफर और ये मौसम हसीं..,दिल की नजर सेज, तुम्हें याद होगा कभी हम मिले थे.., है दुनिया उसी की जमाना उसी काज, आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान परज, खुदा भी आसमां से जब जमीं पर देखता होगाज,जादू तेरी नजर खुशबू तेरा बदन.., हम बंजारों की बात मत पूछो जी.., जिंदगी हर कदम एक नई जंग हैज,लड़की बड़ी अनजानी है । 'धुन' फाउंडेशन हमेशा से राजधानी के नवोदित सिंगर को मंच देकर उनकी पहचान बनाने कार्य कर रहा है। उन्हें गायकी के टिप्स भी दिए जाते हैं। अपने लगातार म्युजिकल कार्यक्रमों से 'धुन' के गायकों ने संगीत प्रेमियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। मायाराम सुरजन हॉल, रजबंधा मैदान में हर माह 'धुन' की प्रस्तुति में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी आते हैं।

### जेके फाउंडेशन ने किया सक्सेस पार्टी का आयोजन



**रायपुर 26 फरवरी।** गोल्ड कैटिगरी की विनर मिसेज निक्की शर्मा ने बताया की सपनों में तो पंख लग चुके है अब उड़ान भी काफी भरना है आगे जो गोवा और थाईलैंड के शो होने वाला उसमें भी अपना बेस्ट परफॉर्मेंस मैं अपना बेस्ट देना है वैसे तो मैं मेकअप आर्टिस्ट हूं हाउसवाइफ होने के साथ वर्किंग वुमन हूं और अभी 2 महीने पहले मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है मिस केटेगरी विनर मिस अंकिता दास ने कहां मैं बहुत छोटे टाउनशिप अभनपुर से हूं जहां मॉडलिंग को लोग अच्छे नजर से नहीं देखते हैं और बहुत से लोगों के नजर में यह बहुत पॉपुलर है इसके पहले में जयपुर में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व की हूं जहां मैं रनर अप रही हूं उनको भी थैंक्स कहना चाहूंगी जिसने मुझे जया मैम तक पहुंचाया और जे के फाउंडेशन का शो टॉप लेवल का होता है और मैं आगे भी इस फील्ड में बहुत कुछ करना चाहती हूं जिससे की हमारे इंडस्ट्री मैं बहुत सारी ब्लैक ब्यूटी है उनको प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है मैं कहना चाहूंगी कि ब्लैक को भी यह प्लेटफॉर्म मिले। क्लासिक कैटेगरी की विनर मिसेज जूली गुप्ता ने कहा 10 फरवरी को रोमन पार्क में हमारा शो हुआ था जिसमें मैं क्लासिक कैटेगरी में विनर रही हूं जिसके चलते मुझे अपने ड्रीम को पूरा करने का मौकाऔर प्लेटफॉर्म मिला जिससे हम अपने आप को रिप्रेजेंट कर सके। मिस्टर कैटेगरी के विनर मिस्टर उदय गुप्ता ने कहा मैं जेके फाउंडेशन और जया मैम को थैंक्स बोलना चाहता हूं जो कि हमारे कंधो के पीछे डाल बनकर खड़ी हुई है हमारा इवेंट बहुत ही अच्छा था साथ में ऋषि मिश्रा सर ने बहुत अच्छा गाइडेंस दिया आगे मैं मैम के नेशनल शो में भी पार्टिसिपेट करूंगा। कार्यक्रम की शुरुवात सभी विजेताओं ने केक काट कर की और एक दूसरे को केक खिलाते हुए खूब धूम मचाते हुए बधाई दी कार्यक्रम में जेके फाउंडेशन की फाउंडर जया रेड्डी ने सब को बधाई दी और आगे नेशनल शो और इंटरनेशनल इवेंट्स की जानकारी दी कार्यक्रम में जे के फाउंडेशन की टीम और एसोसिएट. रुचि जैन,मनोहर कृष्णानी,ऋषि मिश्रा,राज जी, संतोष देवांगन, मीनू बिष्ट, रम्भा साहू ,कोमल,सतीश अग्रवाल,रोहित ,मिस्टर गुप्ता जी,मिस्टर नंद जी उपस्थित थे। मिसेज कैटेगिरी की विनर जूली गुप्ता , मिसेज गोल्ड कैटेगिरी की विनर निक्की शर्मा,मिस कैटेगिरी की विनर अंकिता दास,मिस्टर कैटेगिरी के विनर उदय गुप्ता एवम मिसेज डाक्टर पिंकी नंद,फास्ट रनर अप गोल्ड कैटगिरी, मिसेज दीपिका साहू सेकंड रनर अप , मिसेज किरण रात्रे थर्ड रनर अप, मिसेज क्लासिक कैटेगिरी में फास्ट रनर अप प्रीति शर्मा, थर्ड रनर अप उतरा रामटेके, किड्स कैटेगिरी में मास्टर राजवीर और प्रिंसेस दिव्याना आदि उपस्थित थे ।

### धर्मस्व पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सिरपुर महोत्सव समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे

**महासमुंद 26 फरवरी।** सिरपुर महोत्सव समापन कार्यक्रम के अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री, धर्मस्व पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। प्रोटोकॉल से मिली जानकारी अनुसार श्री अग्रवाल शाम 07:00 बजे रायपुर से प्रस्थान कर रात्रि 8:15 बजे सिरपुर पहुंचेंगे एवं सिरपुर महोत्सव की समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

एक नजर

## महतारी वंदन योजनान्तर्गत एक लाख 84 हजार से अधिक आवेदन जमा

**राजिम, 26 फरवरी।** जिले में महतारी वंदन योजना के तहत एक लाख 84 हजार 76 आवेदन पत्र जमा हुए हैं,उक्त प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत अनन्तिम सूची का प्रकाशन किया सम्बन्धित ग्राम पंचायतों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा चुका है। इन ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों में उक्त सूची देखी जा सकती है। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अषोक पाण्डेय ने इस बारे में बताया कि हितग्राहियों को सूची में नाम देखने की सुविधा हेतु विभाग द्वारा लिंकhttps://mahtarivandan.cgstate.gov.in/beneficiary-application-status Ïæ https://mahtarivandan.cgstate.gov.in/antrim-suchi जारी किया गया है, जिसमें हितग्राही अपना आधार नंबर डालकर अपने आवेदन पत्र की स्थिति स्वयं घर बैठे भी देख सकते हैं।

## वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदकों को दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**रायगढ़, 26 फरवरी।** वायुसेना अग्निवीर भर्ती में पंजीकृत आवेदकों को जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिले के सभी विकास खंड में स्थित युवा केंद्र के माध्यम से दी जा रही है। विकास खंड रायगढ़ में यह प्रशिक्षण नटवर स्कूल रायगढ़ में संचालित की जा रही है, अब तक 200 आवेदकों द्वारा प्रशिक्षण हेतु पंजीयन कराया गया है। आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑन लाइन प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जा रही है। अतः पंजीकृत आवेदक विकास खंड में संपर्क प्रशिक्षण हेतु नाम जुड़वा सकते हैं। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ में सपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आवेदकों की लिखित परीक्षा के संबंध में 24 फरवरी 2024 को राज्य स्तरीय साप्ताहिक मॉक टेस्ट भी ली गई। जिला रायगढ़ के 100 से अधिक आवेदकों ने मॉक टेस्ट में भाग लिया।

## सम्पन्न हुई व्यापमं की परीक्षा

**रायगढ़, 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा कृषि विपणन बोर्ड रायपुर के अंतर्गत सहायक संचालक, वरिष्ठ सचिव एवं कनिष्ठ सचिव के पदों के लिये रविवार 25 फरवरी 2024 को परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा के संबंध में सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा ने बताया कि आज की परीक्षा के लिये रायगढ़ शहर के 28 स्कूल एवं कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा एक पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित



की गई। आज की परीक्षा के लिये निर्धारित 28 केंद्रों में कुल 7124 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के दौरान कुल 2598 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 4526 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी 28 केंद्रों के लिये जिला कार्यालय की ओर से एक ऑब्जर्वर एवं नोडल केंद्र कि. शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ की ओर से एक ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये थे। जिला कार्यालय की ओर से व्यापम के निर्देशों के अनुरूप 03 सदस्यीय 03 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया था, जिन्होंने परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। किसी भी केंद्र में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

## आईईडी ब्लास्ट में छसबल कंपनी का जवान शहीद

**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना मिरतुर क्षेत्रानतर्गत दिनांक



25/02/2024 को छसबल कैम्प बेचापाल से सुरक्षा पार्टी गांडोकलपारा से कुतुलपारा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। आज अपरान्ह् 03ः30 बजें बेचापाल पदमपारा के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से कैम्प बेचापाल मे पदस्थ प्रधान आरक्षक राम आशीष यादव हुए शहीद क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

## पुलिस आरक्षक हत्या के मामले में 10 वा पशु तस्कर आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़- बागनदी।** पुलिस आरक्षक हत्या के मामले में 10 वें पशु तस्कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी यादोराम पाल साकिन चिचोला को गिरफ्तार किया गया । मामले में घटना दिनाक को गिरफ्तार आरोपी यादोराम पाल, मनीष अंबादे डोंगरगढ़ निवासी के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पशु तस्करों के लिए पशुओं से लोड पिकअप को बॉर्डर तक रेकी करते हुए वाहनों को पार कराता था। आरोपी द्वारा पशुओं से भरे पिकअप को घटना दिनांक को रेकी करते हुए चिचोला तक पार कराना बताया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अन्य बड़े पशु तस्करों का नाम बताया है जिस पर आगे कार्यवाही की जायेगी। पशु तस्करी के आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार टीम छापा मार रही थी जो मुखबिर सुचना पर आरोपी को चिचोला से पकडे। तकनीकी आधार और पूछताछ दौरान आरोपी को घटना में शामिल होना पाया गया ।आरोपी यादोराम पाल पिता परमानंद पाल उम्र 32 वर्ष साकिन बापुटोला शीतला मंदिर के पास, वार्ड नंश 09, चौकी चिचोला, थाना छुरिया जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को आज दिनांक 25.02.24 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से जेल रवाना कर दिया गया ।

## विद्यासागर महाराज को विनयांजलि

**डोगरगढ़, 26 फरवरी।** आचार्य श्री की समाधि स्थल का श्रावक श्रेष्ठी अशोक पाटनी द्वारा किया गया।भूमि पूजन का कार्य7 प्रातः 8 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा,पूजा, आरती हुई। विनयांजलि का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ।

# राजिम कुंभ कल्प में बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 26 फरवरी ।** राज्य शासन द्वारा राजिम मेले का नाम राजिम कुंभ कल्प किए जाने उपरांत 24 फरवरी से राजिम के त्रिवेणी संगम पर संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की मौजूदगी में राजिम कुंभ कल्प की शुरुआत हो चुकी है। राजिम कुंभ कल्प मेला के दूसरे दिन रविवार को लोगों की भारी भीड़ रही। रविवार अवकाश होने के कारण सुबह से ही लोगो का आना-जाना शुरू हो गया। चूंकि इस बार मेला का आयोजन रामोत्सव के रूप में नए स्वरूप में मनाया जा रहा है। लोग अपनी सुविधा के अनुसार राजिम पहुंचकर मेला का आनंद ले रहे हैं। मेला में पहुंचने वाले लोग सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन और श्री कुलेश्वर महोदव मंदिर के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर में दर्शन करने के बाद लोगों की भीड़ नदी में लगे विभिन्न स्टाल प्रदर्शनी की ओर पहुंच रही हैं। यहां शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्टॉल में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा दी जा रही है। कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास बने सांस्कृतिक मंच में स्थानीय कलाकारो के कार्यक्रम को देखने के लिए सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पूरा मंच स्थल दर्शकों से भरा रहा। राजिम कुंभ मेले में स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिल रहे है। जिससे मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छंटा बिखर रही है। नदी परिसर में ही विभिन्न भंडारे में लोगों को भोजन की सुविधा भी उपलब्ध हो रही है। इधर मीना बाजार में झूला, खिलौने की दुकान, मौत की कुंआ, आईसक्रीम, पानी पुरी, भेल और की दुकान में अपने पसंद की चीजे लेने के लिए एकत्रित हो रहे है। संध्याकालीन महानदी आरती के लिए हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर महानदी की आरती में शामिल हो रहे हैं। रामोत्सव पर आधारित राजिम कल्प कुंभ मेला में स्थानीय कलाकारों को ज्यादा से ज्यादा समय मिल पाए इसके लिए कुलेश्वर महादेव मंदिर के अलग से मंच बनाया गया, जहां प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक स्थानीय कलाकारों का कार्यक्रम हो रहा है। मेला के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम भसेरा फिंगेश्वर के घनश्याम साहू द्वारा रामायण के माध्यम से दर्शको को राम-लीलाओ का ऐसा विस्तृत व्याख्यान किया कि दर्शक भी जय श्रीराम के नारे लगाने लगे।



**श्री राम की रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र** - वैसे मनुष्य के पास हुनर की कमी नहीं हैं जरूरत हैं तो उसे अवसर प्रदान करने की। ऐसे ही एक अद्भुत कलाकृति को देखकर दर्शको के मुख से अनायास ही निकल रहा वाह क्या कला हैं। इस कलाकृति को जिसने भी बनाया हैं उसमें कल्पनाओं की अथाह समंदर हैं जिससे उन्होंने विभिन्न रंगो की रंगोली के प्रयोग से जीवंत चित्र उकेर दिए। मुख्य मंच के पास एक किनारे में दीपक शर्मा, भोजराज धनगर, सिद्धार्थ सोनी, ऋषभ शर्मा ने अयोध्या के श्री राम की बहुत ही मनमोहक तेजस्वी और मुस्कान लिए रंगीली बनाई हैं, जिसमें रंगो का संयोजन बहुत बारीकी से किया गया है। इस रंगोली को सुरक्षित घेरे में रखा गया हैं, जो भी यहां से गुजर रहे से इस सुंदर कलाकारी को देख अपनी मोबाइल में रिकार्ड कर रहे हैं। राजिम कुंभ में यह आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ हैं।

**मेला स्थल पर स्वास्थ्य कैंप से लोग हो रहे लाभान्वित-** राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा मेला स्थल में गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिले द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है। मेला स्थल में 10-10 बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टॉफ और लैब टेक्नीशियन पदस्थ किए गए हैं। जिससे लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधाएं मिल रही है। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी वितरण किया जा रहा है। कैंप में पहुंचने वाले मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार पर्याप्त ईलाज देने की संपूर्ण व्यवस्था है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक अस्थायी अस्पताल में पैथोलॉजी लैब सहित ऑक्सीजन सिलेण्डर, इसीजी की व्यवस्था की गई है। ताकि आपालकालीन स्थिति में भी मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया जा सके।

**राजिम कुंभ मेला के पहले दिन अनुराधा पौडवाल की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने शमा बंधा** - राजिम कुंभ शुभारंभ अवसर पर पहले दिन सांस्कृतिक मुख्य मंच पर अनुराधा पौडवाल के कर्णप्रिय भजन और 'गीतक दर्शन' के नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुम्बई से पहुंची अनुराधा पौडवाल और उसकी पुत्री कविता पौडवाल ने भक्तिपूर्ण गीत की शानदार प्रस्तुति दी। मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा...... तुने मुझे बुलाया शेरा वालिए.... जैसे गीतों ने भक्तिमय माहौल बना दिया। श्रीरामलाला पर आधारित मेरे झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे....... गीत पर दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाए। मुख्य मंच पर अंतिम प्रस्तुति मुम्बई के गीतासार की टीम द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कलाकारों ने भगवान विष्णु के अवतारों की जीवंत प्रस्तुत दी। इसके माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि आत्मा अजर अमर है मनुष्य को कभी भी दुःख, शोक, संताप नहीं करना चाहिए और अपने कर्म करते रहना चाहिए।

**राजिम कुंभ कल्प के तीसरे दिन मुख्य मंच पर रंगसरोवर की रहेगी धूम** - राजिम कुंभ कल्प 2024 मेला में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में तीसरे दिन सोमवार को मुख्य मंच में शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण बारूका के भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर की प्रस्तुति होगी। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत संगीत से मुख्य मंच पर छत्तीसगढ़ी सभ्यता और संस्कृति की धूम रहेगी। इसके अलावा मुख्य मंच पर विजय चंद्रकार द्वारा तिहार लोकमंच और छत्तीसगढ़ की प्रसिध्द गायिका सुश्री तारा साहू के रंग-तरंग लोकमंच की प्रस्तुति होगी। मंच पर इंडियन रोलर बैंड के रोहन नायडू और थर्डजेंडर रतनपुर के स्वारागिनी डांस की प्रस्तुति होगी।

## मेला अधिकारी धनंजय नेताम ने राजिम माता भोग भंडारा में भक्तों को बांटा प्रसाद

**राजिम,26 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला में भोग भंडारा में भक्तों की भारी भीड़ मेले के दूसरे दिन राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में भक्तों की भारी भीड़ रही भीड़ को देखकर मेला अधिकारी श्री धनंजय नेताम एवं अनुभागीय अधिकारी विशाल राणा एवं समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष बोधन साहू ने हजारों भक्तों को अपने हाथों से प्रसाद बांटे साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित

राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा 25 फरवरी 2024 रविवार को प्रिंस ऋञ्जह इंश्योरेंस के प्रो. बलराम भारती साहू के द्वारा आयोजित किया गया आज के इस भोग भंडारा कार्यक्रम में मेला अधिकारी श्री धनंजय नेताम अनुविभागीय अधिकारी विशाल राणा गरियाबंद अपने पूरे अधिकारियों के साथ भोग भंडारा में भक्तों को प्रसाद वितरण कर प्रसाद ग्रहण किये। आज भोग भंडारा में लगभग 4000 लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सीईओ प्रतीक प्रधान रूपेश मरकाम तहसीलदार राजिम डोनेश साहू तहसीलदार गरियाबंद तारेंद ठाकुर अजय बघेल नायब तहसीलदार देवेंद्र साहू आर आई समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष बोधन साहू होरीलाल साहू महामंत्री रामकुमार साहू महासचिव श्याम साहू संगठन मंत्री डॉ ओंकार साहू राजू साहू तरुण साहू मीडिया प्रभारी किशन साहू नगर साहू संगत अध्यक्ष भवानी शंकर डॉ सुबोध साहू साहू महिला प्रकोष्ठ के भारती साहू नूतन साहू तान्या साहू केसर साहू राम बाई साहू प्रेमबाई साहू मा.संस्कार साहू कु. दृश्या साहू एवं आज के राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा के आयोजक बलराम



### राजिम कुंभ कल्प में राइस मिल एसोसिएशन ने की निःशुल्क भोजन भंडारे की व्यवस्था



**राजिम, 26 फरवरी।** कुंभ कल्प मेला का शुरूआत 24 फरवरी से हो गया है। मेला के पहले दिन लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान कर मेले का आनंद लिया। कुंभ कल्प में इस बार भीड़ दोगुनी बढ़ी गई है। मेला में मेलार्थी को किसी प्रकार की असुविधा उन्हें न हो इसके लिए भोजन, पानी, स्वच्छता और सुरक्षा के भरपूर व्यवस्था किए गए हैं। रायपुर, गरियाबंद एवं धमतरी जिले से दाल-भात सेंटर अधिक मात्रा में लगाएं गए है। वहीं धर्मस्व संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर मेला क्षेत्र में गोबरा नवापारा राईस मिल एसोशिएशन द्वारा निःशुल्क भंडारे की व्यवस्था की गई है। जिसका उद्धाटन 24 फरवरी को ऐसोशिएशन संरक्षक मनमोहन अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुगण ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। एसोशिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल तथा पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि भंडारे में पूड़ी, सब्जी, चांवल, दाल परोसा जा रहा है। पहले दिवस 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि भंडारे में परोसगारी में सर्व वर्गों द्वारा सहयोग किया जाता है। भंडारे की व्यवस्था पूरे मेला अवधि 8 मार्च तक चलेगा। भंडारे का उद्देश्य कोई भी भूखा न रहे मेले में आए सभी दर्शनार्थियो को भरपूर भोजन देना है। भंडारा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। पहले दिवस नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, गिरधारी अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, ललित पांडेय, निर्मल जैन, रोहित साहू, कमलेश बच्छावत, राजा झाबक, संदीप धामेजानी, सुयष गोयल सहित एसोशिएशन के सभी सदस्य व अन्य का सहयोग रहा।

## परसदा में 100 बिस्तरों के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल का लोकार्पण

**रायगढ़, 26 फरवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज राजकोट गुजरात से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2280 करोड़ की लागत से देशभर के 21 ईएसआईसी मेडिकल कालेजों, अस्पतालों और औषधालयों की योजनाओं का लोकार्पण एवं उदघाटन किया। इससे 56 लाख लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। जिसमें रायगढ़ के परसदा में 100 बिस्तर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल भी शामिल है। वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम-परसदा, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल में किया गया। मौके पर राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय परिषद के सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधि श्री एल.पी. कटकवार, श्री मुकेश जैन, श्री के.जी.सुरेश, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रायपुर एवं श्रीमती सुकेशीनी जाधव, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही रायगढ़ क्षेत्र के 25 नियोक्ता गण एवं लगभग 100 बीमित हितग्राही उपस्थित रहे। अस्पताल में वर्तमान में ओपीडी एवं आपातकालीन इमरजेंसी सुविधाएं चालू हो चुकी हैं, जिसका लाभ कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लगभग 1 लाख से भी ज्यादा लाभार्थियों को मिलेगा।राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय परिषद के सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधि श्री एल.पी.कटकवार ने कहा कि जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का अस्पताल बन जाना बड़ी सौभाग्य की बात है।

## चेरपल्ली के ग्रामीण वासम राजेश की हत्या में शामिल 2 आरोपी गिरफ्तार

**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी



अनिल वासम द्वारा थाना भोपालपटनम् में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17/02/2024 के शाम 05ः00 बजे से वासम राजेश पिता स्व0 नारायण वासम उम्र 40 वर्ष जाति गोड़ निवासी चेरपल्ली पटेलपारा घर से बिना बताये कही चला गया है जो वापस नही आया है । दिनांक 20/02/2024 को ग्रामीणों के द्वारा तुनकीवागु नाला के पास वासम राजेश का शव देखा गया । सूचना पर थाना भोपालपटनम् में मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही उपरान्त शव का पी0एम0 कराया गया । पी0एम0 रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु का कारण हत्यात्मक प्रकृति का होने से थाना भोपालपटनम मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान गवाहों एवं परिजनों का कथन दर्ज कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया गया । घटना के संदेही पालदेव शिवराम पिता समैया जाति गोंड़ उम्र 42 वर्ष निवासी यापला थाना मद्देड़ एवं ऐलादी रमेश पिता गणपत जाति गोंड़ उम्र 40 वर्ष निवासी चेरपल्ली पटेलपारा थाना भोपालपटनम् से बारिकी से पूछताछ पर पुरानी रंजिस व मृतक द्वारा पत्नि को प्रताड़ित करने के कारण लाठी, डण्डा एवं पत्थर से मारकर हत्या करना कबूल किया । मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपियों के द्वारा पेश करने पर घटना में प्रयुक्त आला जरब लाठी, डण्डा एवं पत्थर को समक्ष गवाहों के बरामद किया गया । दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना भोपालपटनम् में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

## घायल ग्रामीण की मदद को पहुंचे केरिपु 85 बटालियन के जवान

**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केरिपु 85वी



वाहिनी कैम्प कांवड़गांव को सूचना मिलने पर मेडिकल टीम के साथ ग्राम पहुचकर प्राथमिक उपचार दिये एवं युवक को कंधे में उठाकर 108 मेडिकल एम्बुलेंश तक पहुचाये शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं को अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीणों तक पहुचाने के उद्देश्य से क्षेत्र के विकास के लिये जिले के अति संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गये है ताकी? क्षेत्र के विकास में बाधक माओवादियों से विकास कार्यो में सुरक्षा प्रदान की जा सके एवं क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान को गति प्रदान की जा सके । विकास की राह में बाधक माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने के उद्देश्य से बुबी ट्रेप, प्रेशर आईईडी जैसे अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते है । विगत दिनों थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कांवड़गांव पटेलपारा के ग्रामीण सोना माओवादियों के लगाये गये बुबी ट्रेप की चपेट में आकर घायल हो गये । कैंप कांवड़गांव 85वी बटालियन केरिपु को इसकी सूचना मिलने पर ग्रामीण के घर पहुचकर ग्रामीण को प्राथमिक उपचार दिये एवं घायल ग्रामीण को जवानों कंधे में उठाकर अस्पताल की 108 एम्बुलेंश वाहन तक पहुचाये । अपने आप को संवेदन बताने वाले माओवादियों की संवेदना तब कहा जाती है जब ऐसे अनुचित संसाधनों (प्रेशर आईईडी एवं बुबी ट्रेप ) की चपेट में आकर निरीह मवेशी एवं निर्दोष ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो जाते है य इन्हे अपनी जान गवानी पड़ती है ।

## सर्व आदिवासी समाज के जग्गू तेलामी अध्यक्ष, कमलेश पैंकरा सचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,26 फरवरी।** सर्व आदिवासी समाज के जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष अशोक तलांडी के विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी के बाद की गई बर्खास्तगी के बाद से बीजापुर कार्यकारणी के पुनर्गठन की कवायद जारी थी। लगातार बैठकों के बाद रविवार को संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, गंगाराम नाग, तुलसी ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला इकाई के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इसके पूर्व 4 फरवरी को हुए अध्यक्ष चयन प्रक्रिया को अवैध घोषित करते हुए उसे निरस्त कर दिया गया और नए सिरे से कार्यकारणी और अध्यक्ष का चयन किया गया।जिसमे सामान्य प्रभाग के अध्यक्ष जग्गू तेलामी, सचिव कमलेश पैंकरा, उपाध्यक्ष सीएस नेताम भैरमगढ़, अनिल पामभोई भोपालपट्टनम, लखमू मिच्चा कुटरू, पाकलू तेलम बीजापुर, पीआर भगत कोषध्यक्ष, सह सचिव रजत कुजूर, प्रवक्ता सालिक नागवंशी, प्रवक्ता बलराम मिंज, संरक्षक अल्वा मदनैया, तेलम बोरैय्या, मोहन सिंह परते, भावसिंह भास्कर, मिच्चा मुतैया एवं विधि सलाहकार अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण गोटा चुने गए।युवा प्रभाग में कुंवर सिंह मज्जी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजनाथ भगत, जुलियस तिर्की, कामेश्वर मडे, मंगू लेकम एवं सचिव संतोष गिलगिच्चा चुने गए। महिला प्रभाग में अध्यक्ष सुखमती हपका, उपाध्यक्ष माधुरी लकड़ा, ममता नाग एवं करुणा कुडियम सचिव चुने गए।

बैठक में बीजापुर जिले के भैरमगढ़, कुटरू, बीजापुर, गंगालूर, भोपालपट्टनम, उसूर इलाके में निवासरत आदिवासी समुदाय के गोंड, मुरिया, भतरा, दोरला, हल्बा, धुर्वा, कंवर, उरांव, कुडुख उरांव समाज के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल थे। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी 2 मार्च को गोंडवाना भवन मुसालूर चौक में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।नव निर्वाचित पदाधिकारियों और समाज प्रमुखों को संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सामाजिक एकजुटता के लिए संगठन में कार्यकारणी के माध्यम से कार्य विभाजन के बाद भी सभी की जवाबदेही जरूरी है। नव गठित टीम को बधाई देते उन्होंने कहा कि आदिवासियों के विभिन्न समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक पारंपरिक रूढ़ी प्रथा परंपराओं का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

## छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल जूनियर नेशनल में टीम को रजत और कांस्य पदक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 26 फरवरी ।** 41वीं जूनियर नेशनल सॉफ्टबाल प्रतियोगिता पटना बिहार में आयोजित है जिसमें बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने सुपर-8 के तीनों मुकाबले में सबसे पहले चंडीगढ़ को 11-0 से हराया उसके बाद पंजाब को 10-2 से हराया तथा आखिरी मैच में केरल को 4-0 से हराकर अपने पूल में टॉप किया ।पुल टॉपर के मैच में छत्तीसगढ़ ने आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया और ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किया।बालक वर्ग का ग्रैंड फाइनल मैच राजस्थान के साथ हुआ जिसमे प्रदेश की टीम को हार का सामना कर रजत पदक और वहीबालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने फर्स्ट सुपर-8 के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 1-0 से हराया और दूसरे मैच में केरल को 2-1 से हराया तथा आखिरी मुकाबले में आंध्र प्रदेश के साथ 3-2रहा। अपने पुल में टॉप किया है जिसके बाद फर्स्ट फाइनल मैच तेलंगाना से हुआ और स्कोर 3-4 हर का सामना करना पड़ा छत्तीसगढ़ को अब ग्रैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक मैच और बचा है जो कि केरल के साथ हार कर कास्य पदक से संतोष करना पड़ा बीजापुर जिले से बालक वर्ग में राकेश करती सुशील कुडियम वहीं बालिका वर्ग में रेणुका तेलम चंद्रकला तेलम और विमल तेलम छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उक्त जानकारी अकादमी के हेड कोच श्री सोपान कर्णेवार ने दी है ।

## पीजी कालेज में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मनोरंजनात्मक खेलों को शामिल किया गया था, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेकर खेल का आनंद ले सकें। खेलों में क्रिकेट, कुर्सी दौड़, पासिंग द बाल, बोरा दौड़, थ्री लेग रेस, रिले रेस आदि शामिल रहे। महाविद्यालय स्टाफ के लिए कुर्सी दौड़ एवं क्रिकेट का आयोजन किया गया था।

## कंपनी कमाण्डर की हत्या में शामिल स्माल एक्शन टीम के 3 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना जांगला



क्षेत्रान्तर्गत दरभा छसबल कैम्प 4/ई कंपनी में पदस्थ कंपनी कमांडर श्री तिजउ राम भुआर्य की दिनांक 18/02/2024 को स्माल एक्शन टीम के माओवादियों के द्वारा हमला करने की घटना में शामिल 03 माओवादियों को गिरुफ्तार करने में पुलिस बल को सफलता मिली । दिनांक 24/02/2024 को थाना जांगल, डीआरजी कुटरू, छसबल 4/ई कैम्प दरभा एवं केरिपु जांगला 80/ई की संयुक्त टीम सूचना पर बेंचरम, जैगुर की ओर निकली थी । पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम बेंचरम से घटना में शामिल 03 माओवादियों को दबिश देकर पकड़ा गया । आयतू कलमू (बेंचरम जनताना सरकार अध्यक्ष)पिता लखमू कलमू जाति मुरिया उम्र 35 वर्ष निवासी बेंचरम थाना जांगल. रामलू मिच्चा( पिण्डुमपाल जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता बुदरू मिच्चा जाति मुरिया उम्र 36 वर्ष साकिन पिण्डूमपाल पटेलपारा थाना जांगला सुक्कु कुड़ियम (पिण्डुमपाल जनताना सरकार उपाध्यक्ष) पिता मासा कुड़ियम जाति मुरिया उम्र 30 वर्ष निवासी पिण्डुमपाल थाना जांगलापकड़े गये माओवादियों के कब्जे से मेमोरण्डम कथन के आधार पर समक्ष गवाहो के बरामद कराये जाने पर 02 नग छुरी एवं 01 नग कुल्हाड़ी बरामद किया गया । प्रकरण में पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

## एक नजर



सिमगा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस थाना सिमगा के वॉलीबाल ग्राउंड मे ही सिटी स्पोर्ट्स क्लब सिमगा के सहयोग से 16 वॉलीबाल टीमों के मैच कराये जा रहे है. सद्दू, देवरी, रायपुर, साईं इदगन, सिमगा, खमरिया, कोणारी, जेडीमोआ, कोठरोद आदि स्थानों की टीम पार्टिसिपेट कर रही है. थाना प्रभारी द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया।

### देवरी में मानस मंडलियों ने सुनाई रामकथा



भाटापारा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम देवरी में श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर बेमेतरा मुंगेली बिलासपुर बलौदा बाजार धमतरी जिले के मानस मंडलीयो ने श्रीराम चरित मानस में श्रीरामचंद्र जी के गुणों का गुणगान किया । देवरी भाटापारा के मँच संचालक गन्नू लाल रजक ने बताया कि यहाँ प्रतिवर्ष रामायण बसंत पंचमी से लेकर पूर्णिमा तक रामायण समारोह का आयोजन चलता है ।बाहर से आने वाले मानस प्रतिभागियों तथा प्रवचनकर्ता को समिति द्वारा प्रोत्साहन राशि दी गई ।

### अभियान सृजनः ग्रामीणों को कराया नशे के दुष्प्रभाव से अवगत



बलौदाबाजार, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले अवैध महूआ शराब, नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसके अतिरिक्त जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी क्रम में 25 फरवरी को जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में नशे के दुष्प्रभाव से आम जनों को अवगत कराने हेतु नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए चलित थाना का आयोजन किया गया। चलित थाना कार्यक्रम में लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### दो दिनों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर गंवाई जान

चारामा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बहुत कम उम्र में ही लोग जिन्दगी से छूटकारा पाने की ख्वाहिश पाल बैठे हैं। जिसके चलते लोगों ने जिन्दगी को खेल तमाशा बना लिया है। और थोड़ी थोड़ी परेशानी में जान तक देने के लिये भी तैयार हैं। 25 फ़रवरी को चारामा ब्लॉक के ग्राम खरथा के निवासी शैलेन्द्र निषाद पिता शंकर निषाद उम्र 23 वर्ष ने अपने घर पर फँसी लगाकर जान दे दी है। वहीं ऐसे ही दुसरी घटना ग्राम खैरखेड़ा की है। जहां पर सुरेश नेताम पिता नारद राम नेताम उम्र 26 वर्ष ने गांव के ही बाँध के उपर खेत में फँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। दोनो ही मामलों में चारामा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। एक दिन पहले भी 24 फ़रवरी को इसी तरह चारामा के वार्ड क्रमांक 14 की 19 वर्षीय युवती संजना साहू पिता परस राम साहू ने अपनी नानी के घर पर फँसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। दो दिनो के भीतर आत्महत्या की ये तीसरी घटना है। तीनों ही मामलों मे घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है।

---

विनयांजलि कार्यक्रम के दौरान आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के जीवन पर वक्ताओं ने रखे अपने विचार

# समर्पण ही गुरु को महान बनता है : शैलेश नितिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 26 फरवरी।** समूचे भारत वर्ष में 25 फरवरी को राष्ट्र संत, राष्ट्र हितचिंतन, इंडिया नही भारत बोलो के नारे को प्रशस्त किया, विश्व वंदनीय आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की विनयांजलि कार्यक्रम नेवरा तिल्दा जैन समाज के तत्वाधान में समस्त नागरिकगण की उपस्थिति में सम्मान हुआ, सदलगा ग्राम में 10 अक्टूबर 1946 शरद पूर्णिमा को अवतरण हुआ, एवम जिनकी समाधि 18 फरवरी 2024 को चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में हुई उनके जीवन के कुछ मार्मिक पल एवम अपने संमरण पर अनेक वक्ताओं ने विचार रखा। गुरु के प्रति समर्पण ही गुरु को महान बनता है। अपने गुरु को दिए वचन में गुरुकुल की स्थापना के रूप में जबलपुर, डोंगरगढ़, इंदौर, सहित 5 प्रतिभास्तली एवम अन्य कई सिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जिसमे धर्म एवम संस्कृति को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में जोड़ने का अनूठा प्रयास किया। उक्त कथन शैलेश नितिन त्रिवेदी ने व्यक्त की।

धर्म एवम जाति विशेष पर नही अपितु समस्त जीवों के कल्याण एवम अहिंसकमयी विश्व की कल्पना की गई। कई गौसलाए आज भी उनके द्वारा संचालित है, जहां हजारों गायों को संरक्षण प्राप्त है, राजू शर्मा जिला पंचायत सदस्य ने अपनी विन्यांजलि के तहत कही, भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने आचार्य के साथ अपने संस्मरण सुनाए जिसमे उन्होंने कहा की ऐसे महान संत के दर्शन मात्र से हमारे जीवन के पाप कट जाते है, ऐसे संत के युग में हमने जन्म लिया हम अपने आप को गौरावनित महसूस करते है। समाज सेवी हीरानद हरिरामणि के कथन अनुसार वे ऐसे संत थे जो सभी के हित के लिए उनके रोजगार का चिंतन करते थे चल चरखा के माध्यम से उन्होंने हजारों असहाय एवम बेरोजगारों को जोड़कर उन्हें स्वदेशी अपनाओ के तहत रोजगार प्रदान किया, पीले पसाड़ के इस स्वर्ण मंदिर को सिर्फ जैन समाज के लिए भी बल्कि पूरे नगर एवम छत्तीसगढ़ के गौरव के रूप में देखा जाएगा, कथन दिलीप शर्मा, पवन अग्रवाल ने कहा। पूरे विश्व में आहिंस धर्म को अपनाना चाहिए एवम सर्वोत्तम आहार शाकाहार के प्रचार प्रसार में हम



सब को उसके प्रति जागृत करने का कार्य करना चाहिए।

कांग्रेस नेता राम गिडलानी ने कहा कि गुरु ने मुझे बांसुरी बना दिया में तो ठेठ बांस था आचार्यश्री की छवि देख मन पुलकित हो जाता था, पर आजतक जो हमारे दिल में बसे थे वो अब आंसू बन कर रहे गए कविता के माध्यम से कवि गोपाल वर्मा एवम प्राचार्य चांदनी सर ने अपने संस्मरण में बताया, भा जा पा के महामंत्री सौरभ जैन ने कहा की तिल्दा नेवरा में पंचकल्याणक के अंतिम दिन आचार्यश्री के गमन के पूर्व मुझे नवधा भक्ति के साथ जो आहार देने का सौभाग्य मिला जिसका बाद मेरा जीवन धन्य हो गया। इन वक्ताओं के आलावा विनोद(बंटी) मोदी भाटापारा ने गीतों के माध्यम से आचार्यश्री की महिमा का सुंदर बखान किया, जिसमे उन्होंने चांद और सूरज से आचार्य की तुलना की। कुसुम जैन, पुस्पा जैन, किरण नायक, ने भी गीत प्रस्तुत किया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम महेंद्र जैन, अशोक नायक, अशोक जैन, मंगल जैन, नरेंद्र जैन, एवम राकेश जैन जो की जैन समाज नेवरा के संरक्षक है ने दीप प्रजालन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया, उसके बाद मंगलाचरण स्वस्ति जैन ने किया। महिलाओं में मुख्य वक्ता मती ऋतु जैन, निशा जैन, सपना जैन, नेहा जैन, पार्षद चंद्रकला वर्मा गौरक्षक मती सिमरन खूबचंदानी रही। कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद लक्ष्मीनारायण वर्मा, प्रदीप अग्रवाल, देवा दास टंडन, कृष्णा शर्मा, मनोज निषाद, सिंधी समाज से खेमचंद विरानी, अशोक बड़वानी, लक्ष्मीचंद नागवानी, हीरा भोजवानी, धनराज खत्री सहित सैकड़ों सिंधी समाज के सदस्यगढ़, एवम अग्रवाल समाज से ओमप्रकाश अग्रवाल, ओमप्रकाश गोयल, शिव अग्रवाल, भीखमचंद, संजय अग्रवाल, सहित अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।ब्राह्मण समाज से शंकरलाल शर्मा, दिलीप शर्मा, बैजू शर्मा, गौरव शर्मा, मनीष शर्मा, सहित समस्त समाज के लोग उपस्तित थे, वर्मा समाज से गोपाल वर्मा, खुमान वर्मा, दिलीप वर्मा (पत्रकार), मौजूद थे पत्रकारों में इंद्र कोटवानी, नरेंद्र शर्मा, ललित अग्रवाल, मोती ज्ञानचंदानी, गोरी शंकर सैनी मुक्यता से उपस्थित रहे सभी ने श्रीफल चढ़कर अपनी विन्यांजलि अर्पित की।अंत में जैन समाज के पदाधिकारी मनोज जैन, शैलेश जैन, गौरव जैन, अमित जैन, अनिल जैन, सुरेंद्र जैन, रूपेश जैन, योगेश जैन, सुदेश जैन, अभिषेक जैन, गुड्डु जैन, नवीन जैन, नीति जैन, निलय जैन, सुमित जैन, ने राष्ट्रसंत को भारत रत्न से विभूषित करने की मांग की।

### सिमगावासियों ने दी जैन मुनि को विनयांजलि



सिमगा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 25 फरवरी को दोपहर 1 बजे पुरे विश्व मे एक साथ आचार्य युग श्रेष्ठ भगवान 108 विज्ञा सागर महामुनि राज को को हर वर्ग के व्यक्तियों ने विनयांजलि दी सिमगा आचार्य की मोक्ष जाने की खुशी तो सबको है पर उनके सानिध्य को खोने का सोक भी है मुनि राजश्री 108 विज्ञा सागर महाराज को हर वर्ग केव्यक्तियों ने विनयांजलि दी सिमगा दिगम्बर जैन मंदिर मे विनयांजलि के कार्यक्रम मे दिप प्रज्वलित कर और अपने अपने अनभुवो को व्यक्त किया इस कार्यक्रम मे हर वर्ग के व्यक्ति सिमगा के सभी पत्रकार शामिल हुए।

---

विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में हितग्राहियों को मिला लाभार्थी प्रमाण पत्र

# किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की कोशिश कर रही है भाजपा : श्यामबाई साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 26 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण एवं भूमि पूजन के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन कसडोल के मंडी प्रांगण में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, श्यामबाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा, राजकुमार जायसवाल जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मेलाराम साहू मंडल अध्यक्ष कसडोल, महामंत्री द्वय रामचंद्र ध्रुव, अंजीव जायसवाल, सुलोचना यादव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, शीला वर्मा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा चंद्रिका पटेल, नागेश साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित थे।



अतिथियों ने भारत माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सनम जांगड़े ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार बनने पर गांव, गरीब, किसान, मजदूर तथा सभी वर्ग के लोगों का विकास संभव होता है। पिछले 10 वर्षों से गरीब, किसान, मजदूर की चिंता करने वाले गरीब के बेटा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र सेवा करते हुए भारत को विकसित देश एवं विश्व गुरु बनाने की संकल्पना के साथ काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह के भाजपा शासन के 15 वर्ष पूर्व किसानों को 16 प्रतिशत ब्याज में खाद बीज उपलब्ध होता था जिसे किसानों के हित में पहले 9 प्रतिशत, फिर 3 प्रतिशत और इसके बाद बिना ब्याज के किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का काम किया।

दो माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करने तथा छत्तीसगढ़ और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जांजगीर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का अपील किया गया। सभा को प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, सभापति नवीन मिश्रा ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित वीडियो कॉन्फ्रेंस, उपस्थित जनों को दिखाया गया। पश्चात प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत ग्राम पंचायत अवराई के अन्य पिछड़ी जनजाति समुदाय के आवास हितग्राहियों को दो लाख रुपए का प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, राशन कार्ड नवीनीकरण, किसान समृद्धि योजना, मत्स्य विभाग से मछुआरों को जाल तथा उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

---

## समाचार संक्षेप

### संत निरंकारी मिशन के सदस्यों ने की तालाब की सफाई



भाटापारा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेश पर 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' अभियान के तहत की गई जिसमें लगभग 100 भाइयों एवम् बहनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सफ़ाई अभियान में खाकी नीली वर्दी में इतने सारे लोगों को देख कर तालाब किनारे के रहवासी आश्चर्य चकित होकर आपस में बातचीत करने लगे कि ये कौन लोग हैं जो हमारे तालाब की सफ़ाई कर रहे है। रहवासियों ने कहा कि अब इस तालाब को हम गंदा नहीं करेंगे। कचरा निश्चित स्थान पर फेकने का निर्णय लिया। प्रदूषण भीतर हो या बाहर दोनों हानिकारक हैं। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिन के अवसर पर पिछले लगभग 10 वर्षों से निरंकारी मिशन सफ़ाई अभियान करता आ रहा है जिसमे नदियों की सफ़ाई तालाबों की सफ़ाई शहरों की रेल्वे स्टेशन की सफ़ाई आदि पूरे देश में ये अभियान चलाया जाता रहा है। रक्त नाड़ियों में बहे नालियों में नहीं के तहत निरंकारी मिशन में सन 1986 से रक्तदान संपूर्ण विश्व में निरंकारी मिशन के अनुयायी करते आ रहे हैं। सुंदर धरती पर आये हैं सुंदर छोड़ के जाना है। के तहत वृक्षा रोपण का कार्य भी संत निरंकारी मिशन कर रहा है। कि जिस धरती पर हम रहते हैं उसे एक सुंदर रूप देने का काम भी हम इंसानों को ही करना है। वननेस वन के तहत कम स्थान पर ज़्यादा पेड़ लगाकर जिसमे की वन का आभास हो में भी संत निरंकारी मिशन ने सराहनीय कार्य किया है। संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है जिसके तहत मिशन का ये संदेश है कि हम सब एक ईश्वर की संतान हैं आपस मे हमे मिलजुलकर रहना है किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करना है। खाना पहनना भाषा बोली जाति रंग नस्ल आदि रूप में तो हम अलग है परंतु आत्मिक स्तर पर सभी एक है एक ईश्वर की संतान है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी प्रेम साहू गुड़ा मानिकपुरी द्वारा दी गई।

---

# 10 मी. एयर रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में ज्योति सिंह ने जीता गोल्ड मेडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 26 फरवरी।** रक्षित केंद्र पुलिस लाइन रायपुर स्थित एकलव्य शूटिंग केंद्र एवं शस्त्र प्रशिक्षण केंद्र में 23 से 25 फ़रवरी तक आयोजित एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता जिसका शुभारंभ उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने किया था जिसमें पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह संपन्न हुआ।

इस समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे। छत्तीसगढ़ के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो के लिए आयोजित इस स्पर्धा में ज्योति सिंह ने राजपत्रित अधिकारी महिलाओं की 10 मीटर एयर रायफ़ल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड



मेडल प्राप्त किया।इस वर्ग में दुर्ग की डीएसपी शिल्पा साहू रजत पदक विजेता बनी. वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर चंचल तिवारी कांस्य पदक विजेता बनी। बता दें कि ज्योति सिंह वर्तमान में भखारा में नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ है।ज्योति सिंह की इस सफ्लता पर तहसील कार्यालय कुरूद एवं भखारा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई दिए।

### विकासखंड लोक स्वास्थ्य इकाई का शुभारंभ

बलौदाबाजार, 26 फरवरी। जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों में मिलने वाली जाँच सुविधा ग्रामीण स्तर तक पहुँच सके इसके लिए विकासखंड लोक स्वास्थ्य इकाई की संकल्पना को साकार करते हुए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कसडोल में जिले के पहले ऐसे केंद्र का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूरे जिले के जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सा स्टाफ सहित जन प्रतिनिधि और आम जन ने भी इस वर्चुअल कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिखाई। इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की आयुष्मान भारत अधोसंरचना मिशन के तहत निर्मित विकासखंड लोक स्वास्थ्य इकाई में वह सभी जाँच सुविधा उपलब्ध होगी जो जिला अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में रहती है जिसका लाभ ग्रामीण जनता को होगा।

### हिरमी सीमेंट प्लांट के स्क्रैप स्टोर यार्ड से लोहा चोरी करने वाले गिरफ्तार



भाटापारा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अभियान सृजन के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है- अपराध क्र. 76/2024 धारा 457, 380 भा.द.वि. के प्रकरण में आरोपी शिशिर वैष्णव निवासी कुथरौद 23-24 फरवरी की रात्रि करीबन 01:10 बजे हिरमी सीमेंट प्लांट के स्क्रैप यार्ड में लोहा कीमती 5000रू को चोरी कर ले गया है, कि प्रार्थी सुरक्षा अधिकारी बिसन दास सोनवानी की रिपोर्ट पर धारा सदर कायम कर आरोपी की पतासाजी कर आरोपी के कब्जे से 200 किलोग्राम स्क्रैप लोहा कीमती 5000रू को जप्त कर आरोपी शिशिर वैष्णव पिता टिकम वैष्णव उम्र 28 वर्ष साकिन कुथरौद थाना सुहेला को 25 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश करने हेतु रवाना किया गया है। अपराध क्र. 77/2024 धारा 34(1) ब आबकारी एक्ट में आरोपी नरेंन्द्र धृतलहरे पिता गंगा प्रसाद धृतलहरे उम्र 35 वर्ष साकिन डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण को घटना स्थल ग्राम शिकारी केशली मोड़ के पास अवैध रूप से 20 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमती 2200 रू. एवं बिकी रकम 200 रू कुल 2400 रू जप्त कर आरोपी के विरुध्द धारा 34(1) ब आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।


न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला-बस्तर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमबती दास पिता स्व. भदरू दास निवासी ग्राम बेड़ागुड़ा तहसील तोकापाल जिला बस्तर के द्वारा इस न्यायालय में स्व. भागवती दास पिता स्व. भदरू दास की जन्म/मृत्यु दिनांक 21/12/2015 को होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्राप्त आवेदन के तारतम्य में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई उजर/आपत्ति हो वे अपना आपत्ति ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से पन्द्रह दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति/दावा दर्ज करा सकते हैं। पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/2/24 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल


---

श्रीरामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया शुरू, राज्य शासन ने जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश

# अयोध्याधाम जाने वाले यात्रियों के लिए की जाएगी समुचित व्यवस्थाः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** श्रीरामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य शासन के पर्यटन विभाग द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसमें श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा के लिए यात्रियों की समुचित व्यवस्था के संबंध में विस्तार से बताया गया है। यात्रा के लिए हितग्राहियों के चुनाव एवं अन्य कार्य संपादन का काम कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। योजना के लिए श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा कोष भी स्थापित किया जाएगा।

**आवेदन की प्रक्रियाः** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम यात्रा के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन ग्राम पंचायत या शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय (नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम) में देना होगा। आवेदन के साथ नवीनतम रंगीन फोटो के साथ ही पहचान और निवास के साक्ष्य के लिए राशनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या राज्य सरकार द्वारा स्वीकार्य अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। आवेदक को किन्ही दो व्यक्तियों के नाम और जानकारी देना होगा, जिनसे आपात स्थिति में सम्पर्क किया जा सके। इनमें से एक नाम निर्देशित व्यक्ति का मोबाईल नंबर देना होगा। ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय योजना के लिए इच्छुक आवेदकों की सूची कलेक्टर की ओर प्रेषित करेंगे। श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को जिसने अकेले यात्रा करने हेतु आवेदन किया है, को अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी। व्यक्तियों के समूह द्वारा आवेदन करने पर 3 से 5 व्यक्तियों के समूह को एक सहायक ले जाने की पात्रता होगी, बशर्ते कि इस समूह का प्रत्येक व्यक्ति 65 वर्ष से अधिक आयु का हो। बड़े समूह में प्रति 05 यात्रियों पर 01 के मान से सहायक मान्य किये जाएंगे। पति-पत्नी के साथ-साथ यात्रा करने पर सहायक को साथ ले जाने की सुविधा नहीं रहेगी बशर्ते उनमें से किसी एक की उम्र 65 वर्ष से कम हो।

**आवेदक पति-पत्नी हो तो चयन प्रक्रियाः** यदि आवेदक पति-पत्नी में से किसी का नाम चुना जाता है तो उसका जीवन साथी भी यात्रा पर साथ जा सकेगा। आवेदन करते समय ही आवेदक को यह बताना होगा कि उसका जीवन साथी भी उसके साथ यात्रा करने का इच्छुक है, ऐसी स्थिति में उक्त जीवन साथी का आवेदन भी आवेदक के आवेदन के साथ ही संलग्न करना होगा। यदि सहायक को यात्रा पर साथ ले जाने की पात्रता है तो उस सहायक का आवेदन भी आवेदक के साथ ही जमा किया जायेगा।

**व्यक्तियों के समूह के लिए नियम और प्रक्रियाः** यदि व्यक्तियों के समूह एक साथ आवेदन करते हैं तो संपूर्ण समूह को एक आवेदन मानते हुए लॉटरी में सम्मिलित किया जाएगा। उक्त समूह अधिक से अधिक 10 आवेदकों का हो सकेगा। समूह का एक आवेदक समूह का मुखिया कहलायेगा। अन्य सभी आवेदकों के आवेदन उसके आवेदन के साथ संलग्न कर जमा किये जाएंगे। यदि उक्त समूह में सम्मिलित व्यक्तियों को सहायक ले जाने की पात्रता है तो प्रस्तावित सहायकों के आवेदन भी इसी आवेदन के साथ संलग्न किए जाएंगे। समूह में सम्मिलित समस्त व्यक्तियों की, जिसमें सहायक भी सम्मिलित होंगे, संख्या 10 से अधिक नहीं होगी। सहायक को यात्रा पर ले जाने की दशा में उसे भी उसी प्रकार की सुविधा प्राप्त होगी जो कि यात्री को मिलेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए निर्धारित प्रपत्र अनुसार ऑन लाईन आवेदन की प्रक्रिया भी तैयार की जा रही है। जिससे प्रत्येक जिले में चयनित यात्रियों, प्रतीक्षा सूची का डाटा बेस तैयार हो सके।

## एक नजर

### युवक से 20 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 26 फरवरी।** शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर युवक से 20 लाख 10 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज गावरी 34 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात मोबाइल धारक क्रमांक 72900-10262 से प्रार्थी एवं उसके साला आकाश गंगवानी को इंस्टाग्राम के माध्यम से संदेश भेजकर वाट्सअप लिंक भेजा। जिसके क्लिक करने पर शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर अपने बताए खाता में कई बार में कुल 20 लाख 10 हजार रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 26 फरवरी।** गणेश नगर खम्हारडीह में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूर्या तांडी 24 वर्ष पार्वती नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी गणेश नगर के तरफ घुमने गया था, तभी आरोपी कलाराम ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर, 26 फरवरी।** पुराना सरकारी स्कूल के पास एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लखन यादव 25 वर्ष इंद्रात्मानगर पुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पुराना सरकारी स्कूल के तरफगया था, तभी आरोपी आशीष सोनी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर चाकू से कुल्हा के पास मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 21 गिरफ्तार

**रायपुर, 26 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी गजराज सिंह चौहान 24 वर्ष, गोपाल विश्वकर्मा 27 वर्ष, राहुल ध्रुव 22 वर्ष, अर्जून मानिकपुरी 36 वर्ष व राजेश वैष्णव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी चेतन निषाद 33 वर्ष एवं सेजबहार पुलिस ने आरोपी देवनाथ साहू 37 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी मयंक अग्रवाल 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी नोहर साहू 25 वर्ष व सैलेंद्र कुमार साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी हुमेश कुमार साहू 28 वर्ष, राजेश राय 28 वर्ष, भुपेंद्र सिंह 43 वर्ष व बालेंदर सिंह 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी रमन सिंह ध्रुव 53 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी रहिम खान 27 वर्ष, कुनाल सिन्हा 23 वर्ष, राकेश दास 21 वर्ष व कमलेश वर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी नेमी साहू 22 वर्ष, मिथलेश सिंह 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 26 फरवरी।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 62 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 700 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने एनएच-30 में अवैध शराब बेचते आरोपी दुखीत राम चतुर्वेदी 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपए जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार ध्रुव 24 वर्ष के पास से 24 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी हीना मरई 35 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है।

### शहरी युवाओं के कौशल उन्नयन पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर, 26 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संचालित दो समाज सेवी संस्थाओं -डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट्स(दोस्त) प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकॉनामिक्स( प्योर) द्वारा कल रायपुर जिले के तिल्दा में 'युवा प्रबोधन कार्यशाला ' का आयोजन किया गया। तिल्दा स्थित प्रयोग आश्रम में हुए इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शहरी युवाओं के कौशल उन्नयन के विभिन्न पहलुओं और उपायों पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एकता परिषद के संस्थापक पी. वी .राजगोपाल ने कहा कि समाज को सतत विकास के लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) को हासिल करने के लिए ग़रीबी , असमानता, भेदभाव और हिंसा के खिलाफ ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है ।उन्होंने कहा कि जन चेतना के विकास से ही यह हो पाएगा ।

# दवाई एवं उपकरण खरीदी में अनियमितता की होगी जांच

## दवाइयों के वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों पर नजर रखने जीपीएस सिस्टम

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 फरवरी।** स्वास्थ्य मंत्री विपिन बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन में सर्जिकल उपकरण एवं अन्य सामग्रियों की क्रय में हुई अनियमितता की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि दवाई खरीदी एवं वितरण पर नजर रखने के लिए जीपीएस सिस्टम लागू किया जाएगा।

विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से कांग्रेस के बालेश्वर साहू ने सीजीएमएससी में दवाई खरीदी में हुए घोटाले सहित अन्य वसूली का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि माल की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता। 200 आयटम की गुणवत्ता लंबित है। 16 वेयर हाउस द्वारा 35 जिलों में दवाई नहीं भेजी गई है जिसके कारण मरीजों को दवाई बाहर से खरीदना पड़ रहा है। दवाइयां रखे-रखे एक्सपायरी हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवाई के वितरण, खरीदी एवं शिकायत के लिए एक सिस्टम बनाया जा रहा है जिस पर जीपीएस के माध्यम से नजर रखी जाएगी। अध्यक्ष रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यदि घोटाले की कोई विशेष शिकायत हो तो इसकी जांच करवा लें। स्वास्थ्य मँत्री ने कहा कि सीजीएमएससी में दवाई खरीदी एवं उपकरण खरीदी में जो अनियमितता हुई है उसकी जांच चल रही है। सदस्य के अनुरोध पर और भी जांच कराई जाएगी। ध्यानाकर्षण सूचना में कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। यहां हो रहे भ्रष्टाचार और घोटाले की जांच की मांग की।

# भाजपा कर रही बेटी को लज्जित करने का काम : विधायक कविता

**रायपुर 26 फरवरी।** कांग्रेस विधायक की वायरल वीडियो का मामला छत्तीसगढ़ में गरमाने लगा है. इस पर भाजपा ने कांग्रेस पर छत्तीसगढ़ और हिंदू संस्कृति पर चोट करने का आरोप लगाया है. वहीं वायरल वीडियो पर कांग्रेस विधायक कविता प्राणलहरे ने सफाई देते हुए कहा, यह जालंधर का वीडियो है, जिसे भाजपा मुद्दा बना रही है. भाजपा से मेरा सवाल है कि शिवरीनारायण के राम मंदिर का वीडियो भाजपा ने क्यों वायरल नहीं किया..?



विधायक लहरे कविता ने कहा, मैं सभी धर्मों के बीच जाती हूं, मंदिरों में जाती रहती हूं. भाजपा को वहां के वीडियो भी वायरल करना चाहिए. मैं बाबा गुरु घासीदास के क्षेत्र से चुनकर आई हूं. एक दिन मैं चर्च गई उसे वायरल किया जा रहा. बीजेपी गंदे सोच का परिचय दे रही है. भाजपा और कांग्रेस में यही फर्क है. एक बेटी को लज्जित करने का कार्य भाजपा कर रही है. क्या मैं बीजेपी से पूछ कर कहीं जाऊंगी क्या..? मैं हिंदू हूं, मैं सतनामी समाज की बेटी हूं. भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस विधायक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, है कि 'खुद को छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रचार प्रसार करने वाला बताकर कांग्रेस ने 5 साल किसका प्रचार किया यह साफ है. छत्तीसगढ़ी और हिंदू संस्कृति पर यह चोट कांग्रेस ने एक परिवार को खुश करने के लिए की है, इसीलिए लोग कांग्रेस से घृणा करने लगे हैं. विधायक का यह हाल है तो आम आदमी का क्या होगा?'

# बेरोजगारी भत्ता की किश्तों का भुगतान करे राज्य सरकार

**रायपुर 26 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साय सरकार किसान न्याय योजना की चौथी क़िस्त ,कृषि मजदूर को न्याय योजना की क़िस्त एवं युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बकाया किस्तों का जल्दी भुगतान करे। पूर्व कांग्रेस की सरकार में ही इन सभी योजनाओं के लिए बजट में प्रावधान करके राशि की व्यवस्था कर दी गई थी। सरकार बदलने के बाद इन योजनाओं की किस्त अब तक नहीं दिया गया है। किसान योजना के 26 लाख से अधिक किसानों को एवं कृषि मजदूर न्याय योजना के 5.50 मजदूरों को एवं डेढ़ लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की क़िस्त का इंतजार है।उन सभी योजना से प्रदेश के लगभग 32 लाख से अधिक परिवारों को आर्थिक मदद मिलता है जिसे साय सरकार ने रोक रखा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी के नाम से सत्ता में आये लोगों ने प्रदेश के लोगों को पूर्व से मिल रहे आर्थिक



सहायता को रोक रखा है। मोदी की गारंटी में भी मजदूरों को 10000 रु सालाना देने का वादा था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। पूर्व से जिन हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन,दिव्यांग पेंशन और परित्यक्ता पेंशन मिलता था उन्हें भी अब साय सरकार में पेंशन नहीं मिलेगा। महतारी योजना के नाम से पूरे प्रदेश के महिलाओं के साथ धोखा और छल किया गया है।महतारी वंदन योजना की पात्रों की अंतिम सूची में लाखों महिलाओं का नाम नहीं है। भाजपा का चरित्र सिर्फ धोखा देना है। विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं का वोट पाने के लिए भाजपा नेताओं ने जो बड़े-बड़े वादे किए थे सपने दिखाए थे वह अब सिर्फ सपना बनकर रह जायेगा।

# किसान आंदोलन के समर्थन में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**रायपुर 26 फरवरी।** रायपुर जिला एन एस यू आई के उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में सेकड़ो की संख्या में छात्र व एन एस यू आई कार्यकर्ताओं ने शहर के शास्त्री चौक से हाथ में हल व पोस्टर लेकर मार्च किया व अंबेडकर चौक में जाकर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला फूंका ।

तारिक अनवर ने कहा देश में चल रहे किसानों के दिल्ली चलो मार्च को लगभग 10 दिन से ज्यादा हो चुके है जिसपे केंद्र सरकार द्वारा निरंतर अलग अलग तरह से प्रहार व आंदोलन को कुचलने का काम किया जा रहा है, किसान यूनियनों ने सोमवार (12 फ़रवरी 2024) को केंद्रीय मंत्रियों के साथ बेनतीजा रही दो दौर की बातचीत के बाद दिल्ली कूच करने का आह्वान किया था.न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए क़ानून बनाने और स्वामीनाथन



आयोग की सभी सिफ़ारिशों को लागू करने की मांग को लेकर ये किसान मंगलवार दोपहर पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पहुंचे थे.

श्री खान ने आगे कहा की हरियाणा की सीमा में दाखिल होने पर आमादा किसानों को रोकने के लिए शंभू बॉर्डर पर कड़ी व्यवस्था की गई. कंटीले तार लगाए गए, बैरिकेडिंग की गई और बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई इसके अलावा सिंघु, टीकरी, गाजीपुर और गौतमबुद्ध नगर की सीमाओं पर बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात किए गए, जब किसानों ने हरियाणा की सीमा में दाखिल होने की कोशिश की तो उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए व हरियाणा के सात ज़िलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं और पंचकुला तथा चंडीगढ़ में धारा 144 लागू कर दी गई है जिसके चलते अब तक बहुत से आंदोलनकारी किसान गंभीर रूप से घायल है व 21 साल के शुभकरण नामक युवक को गोली मार कर शहीद कर दिया गया , देश में तानाशाही का महोल बनता जा रहा है जिसका विरोध कांग्रेस पार्टी व एन एस यू आई कार्यकर्ता हर कीमत पर आगे भी करते रहेंगे। आज के विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सचिव कुणाल दूबे, विधानसभा अध्यक्ष अनुज शुक्ला, जिला महासचिव रजत ठाकुर, अथर्व श्रीवास्तव,गवेश साहू, विधानसभा महासचिव तनिष्क मिश्रा, खुशराज सिंह, नितिन, आशीष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंद्रीय जेल में क्षमता से दोगुने बंदी पांच नए बैरकों का होगा निर्माण

**रायपुर, 26 फरवरी।** सेंट्रल जेल रायपुर में पुरुष और महिला बंदियों को रखने वर्तमान में 20 के करीब बैरक हैं और पांच सेल हैं, जिनमें 1373 पुरुष, 67 विचाराधीन पुरुष, 1568और 73 महिला कुल तीन हजार 76 बंदी रह रहे हैं, जबकि जेल में बंदियों को रखने की क्षमता 1586 है। इस लिहाज से जेल में क्षमता से दोगुना बंदी रह रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के आधार पर रायपुर सेंट्रल जेल नए बैरक का निर्माण किया जाएगा। गरियाबंद में जेल में बंदियों की वर्तमान क्षमता, भविष्य की जरूरत को देखते हुए जिले में नई जेल निर्माण करने भूमि अधिग्रहण, लंबित परियोजना सहित अन्य जरूरतों की समीक्षा करने जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने बैठक की। बैठक में जेल, विधिक प्राधिकरण के अफसरों के साथ जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग के अफसर शामिल हुए। बैठक में डीजे ने वर्तमान में संचालित जेलों में आगामी 10 वर्षों की जरूरत को देखते हुए सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नए बैरकों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही गरियाबंद जिला जेल में एक बैरक का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही गरियाबंद में नए जेल निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर चर्चा की। साथ ही गोढ़ी में 80 एकड़ में बनने वाली केंद्रीय जेल के लिए भूमि अधिग्रहण होने की जानकारी दी।50 की संख्या में रखने बैरक में सौ तथा उससे ज्यादा बंदियों को रखे जाने की स्थिति में बंदियों में आए दिन मारपीट की घटनाएं घटित होती रहती हैं। मारपीट की घटनाएं रात में सोने के लिए जगह हथियाने के नाम पर होती है। छिटपुट मारपीट की घटनाएं सामने नहीं आती। मारपीट की घटना में बंदी के गंभीर रूप से घायल होने पर मारपीट होने को जानकारी जेल से बाहर निकाल पाती है। बैरक में क्षमता से अधिक बंदी होने पर सुरक्षा जांच में जेल वार्डन तथा वहां सुरक्षा में तैनात जेल प्रहरियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि केंद्रीय जेलों में आए दिन मोबाइल मिलने के साथ जेल में ले जाने प्रतिबंधित वस्तुएं मिलती रहती है। इसके कारण जेल की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न होता है। प्रदेश के 33 जिले के केंद्रीय जिला तथा उप जिला जेल में वर्तमान में साढ़े 18 हजार बंदी रह रहे हैं। उनमें सजायाफ्ता के साथ विचाराधीन बंदी शामिल है।

# समाज को भय मुक्त बनाने अपराधियों में पुलिस का खौफ जरूरी: बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर 26 फरवरी।** पुलिस की नौकरी बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण होती है। पुलिस कर्मियों को अक्सर लंबे समय तक काम करना पड़ता है और उन्हें विपरीत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए और उन्हें लोगों के साथ अच्छे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह बात आज राजधानी रायपुर स्थित पुलिस लाइन में आयोजित एकलव्य शूटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में कही। मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि समाज को भय मुक्त



बनाने के लिए अपराधियों में पुलिस का खौफ होना जरूरी है। वो तभी संभव होगा जब त्वरित निर्णय लेने की क्षमता के साथ ही लक्ष्य और निशाना दोनो अचूक होगा। इसके लिए समय-समय शूटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है। जिससे आपको अपनी क्षमता और कमजोरियों का पता चलता है, जिसके अनुसार आप बदलाव ला सकते है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की वारफेयर को और अधिक निपुण बनाने के और अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की बात कही। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस कर्मी सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस कर्मियों को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभानी होती हैं, जैसे कानून व्यवस्था बनाए रखना जिसमे अपराधों को रोकना, अपराधियों को पकड़ना और आमजनों की सुरक्षा करना शामिल है। इसके साथ ही आपातकालीन सेवाएं प्रदान करना, सार्वजनिक सुरक्षा, सामाजिक न्याय, जांच आदि। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को मेडल प्रदान किया। कार्यक्रम में एसपी श्री संतोष कुमार, उप मुख्य चुनाव आयुक्त श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर समेत पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा की तारीख जारी

**रायपुर, 26 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् रायपुर को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र अनुसार इस वर्ष यानि 2024 में शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 आयोजित किए जाने का प्रस्ताव भेजा है। इस साल भी शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 / छ्त्त ञ्चश्वञ्ज 2024 आयोजित की जाएगी। जारी प्रस्ताव के अनुसार छ्त्त ञ्चश्वञ्ज परीक्षा 2024 के लिए यही तिथि फाइनल होती है तो अगले महीने यानि 7 मार्च से आवेदन किए जा सकेंगे। वहीं 7 अप्रैल तक यह आवेदन भरे जाएंगे। वहीं इसके लिए 21 जुलाई को संभावित परीक्षा तिथि बताई गई है। दरअसल, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षकों की भर्ती से पहले छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने का कल ऐलान किया था।

# फ्लाईएश उत्सर्जन के निराकरण पर दिया जाएगा ध्यान : जायसवाल

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 फरवरी।** नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने आज सदन में फ्लाईएश के उत्सर्जन करने वाले संयंत्रों की संख्या एवं इससे मानव जीवन पर बढ़ते खतरे को लेकर चिंता जताई। पर्यावरण मंत्री की अनुपस्थिति में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि फ्लाईएश लोडिंग एवं अनलोडिंग के दौरान उड़ने वाले राखड़ की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर इसकी जांच भी कराई जाएगी। विधानसभा में प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने रायगढ़, कोरबा में लगे 101 ताप विद्युत संयंत्रों के द्वारा उत्सर्जित फ्लाईएश से मानव जीवन को हो रहे खतरे के संबंध में जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि कोरबा में फ्लाईएश के ओपन कॉस्ट माइन्स हैं। इसमें कई ऐसे रासायनिक पदार्थ होते हैं जिससे मानव जीवन की रोगप्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है। इस संबंध में दोषी लोगों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

चरणदास महंत ने कहा कि इसके लिए नियम-कानून क्या है। इसका पालन होना चाहिए। पर्यावरण मंत्री की अनुपस्थिति में स्वास्थ्य मंत्री विपिन बिहारी जायसवाल ने कहा कि फ्लाईएश का उपयोग सीमैट उत्पादन, ईंट निर्माण, खदान भराव, सड़क निर्माण के लिए किया जाता है। चांपा जांजगीर के कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि उनके क्षेत्र में कई तालाबों को मनरेगा योजना के तहत पाटा जा रहा है। इससे जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चरणदास महंत ने ताप विद्युत संयंत्रों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। मंत्री ने आश्वासन दिया कि हरसंभव उचित कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस के राघवेन्द्र कुमार सिंह ने अमानक बीज, दवा, खाद सप्लायरों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चांपा-जांजगीर में हुए इस घोटाले की जांच मांग की। कृषि मंत्री की अनुपस्थिति में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा कीटनाशकों की आपूर्ति की जाती है। इस संबंध में उन्हें कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत विभिन्न संस्था, फर्मों द्वारा बीज आपूर्ति किए जाने की जानकारी नहीं है। प्रयोगशाला में परीक्षण के बाद ही इसका उपयोग किया जाता है। बृजमोहन अग्रवाल ने सदस्य को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसानों के साथ अन्याय नहीं होगा। सरगुजा संभाग में मांझी समुदाय को सामाजिक प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाने का मामला सदन में रामकुमार टोप्पो ने उठाया। आदिम जाति मंत्री की अनुपस्थिति में बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि इसमें वर्तनी संबंधी त्रुटि होने के कारण समस्या परिलक्षित हो गई है।

# प्रधानमंत्री ने माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का किया शुभारंभ

**रायपुर 26 फरवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी में स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से कार्य कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बेहतर




स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी।

कार्यक्रम में विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दीपक सोनी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, आयुक्त नगर निगम श्री अबिनाश मिश्रा, उप सचिव भारत सरकार श्री पुलकेश, एफएसएसएआई के अधिकारी श्री शरद राव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी गई। यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड़ 33 लाख रूपए से तैयार की गई है। यह प्रदेश की प्रथम खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है। खाद्य पदार्थों एवं पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है, जिससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है। खाद्य जनित बीमारियॉ जैसे उल्टी, डायरिया, टाईफाईड, बुखार, हैजा, त्वचा संबंधित बीमारियां आदि होती है। पूर्व में प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण, हैवी मैटल, पेस्टीसाईड, विटामिन्स की परीक्षण होती थी, परन्तु माईक्रोबायोलॉजिकल मानकों की जॉच नहीं होती थी। अब आधुनिक मशीनों से सुसज्जित माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की जांच हो सकेगी।

# कुत्तों से परेशान वार्डवासियों ने की शिकायत

**रायपुर, 26 फरवरी।** नगर निगम रायपुर के ब्राह्मणपारा में कुत्तों का आतंक बढ़ गया है. इसकी लिखित शिकायत किए 50 दिन बीत चुके हैं. लेकिन इसके बाद भी प्रशासन की और से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है.

बीते 3 जनवरी को निगम आयुक्त और जोन 4 के आयुक्त के पास लिखित शिकायत के बाद भी कोई निगम की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है. ये वार्ड शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के विधानसभा क्षेत्र में आता है.

बता दें कि मामले की शिकायत महापौर ऐजाज ढेबर, पार्षद सरिता दुबे, नेता प्रतिप्रक्ष मीनल चौबे से भी की गई है. लेकिन 50 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक नगर निगम कुछ नहीं कर सका है. निगम से हरी सिंह बोहरा नाम का कर्मचारी भी आया. लेकिन उसका कहना था कि निगम केवल नसबंदी के लिए कुत्ते ले जाता है. नसबंदी के बाद कुत्ते को उसी जगह में छोड़ दिया जाता है. अब भले ही वो कुत्ता किसी को काटे या ना काटे.

सवाल ये उठता है कि क्या नगर निगम रायपुर पिछले 50 दिनों से सोया हुआ है या क्या निगम को लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है?

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26